RAJHIN/2014/55262

sancharjagat.com

खबरों व विज्ञापन
के लिए सम्पर्क करें
संचार जगत
मो.नम्बरः- +917357161599

संचार जगत
दैनिक समाचार पत्र
sancharjagat.com
editorial@sancharjagat.com

'सोच को इतना बड़ा रखो कि असफलता भी एक छोटा कदम लगे। सफलता कोई मंजिल नहीं, यह एक दिशा है। बड़ा सोचो, बड़ा करो।'

वर्षः 13 | अंकः 268 जयपुर, मंगलवार, 27 अक्टूबर , 2026 मूल्यः 2.00 रूपए पृष्ठः 8

▶ जल्द लॉन्च होंगी 100 प्रतिशत इथेनॉल से चलने वाली कारें

अब चलेंगी बिना पेट्रोल कार, ई100 फ्लेक्स-फ्यूल को सरकार की मंजूरी

केंद्र सरकार ने किया दावा, इथेनॉल का इस्तेमाल बढ़ने से भारत की कच्चे तेल पर निर्भरता काफी कम होगी, विदेशी मुद्रा की बचत होगी

नई दिल्ली/संचार जगत

भारतीय बाजार में जल्द ही 100 फीसदी इथेनॉल से चलने वाली कारें लॉन्च होगी। इसकी मंजूरी सरकार की तरफ से दे दी गई है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने सेंट्रल मोटर व्हीकल रूल्स, 1989 में संशोधन करते हुए ई100 फ्यूल को नियामकीय मंजूरी दे दी है।

हाल में जारी आधिकारिक अधिसूचना के तहत ई100 को ई85 के साथ उत्सर्जन मानकों, ईंधन विनिर्देशों और टेस्टिंग प्रोटोकॉल में शामिल किया गया है। इस फैसले से वाहन निर्माता कंपनियों के लिए ई100 फ्लेक्स-फ्यूल कारों को लॉन्च करने का रास्ता आसान होगा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 23 अक्टूबर 2026 को सेंट्रल मोटर व्हीकल रूल्स, 1989 में संशोधन की अधिसूचना जारी की है। इसका उद्देश्य ई100 फ्यूल से चलने वाले वाहनों के लिए नियामकीय ढांचे को स्पष्ट करना है।



पुरानी कारों में नहीं कर पाएंगे इस्तेमाल

सरकार ने स्पष्ट किया है कि ई85 और ई100 का इस्तेमाल केवल उन वाहनों में किया जा सकेगा, जिन्हें इन फ्यूल के लिए विशेष रूप से डिजाइन और प्रमाणित किया गया है। सामान्य पेट्रोल कारों और ई20 फ्यूल के लिए तैयार वाहनों में ई100 का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। इसका कारण वाहनों के फ्यूल सिस्टम की तकनीकी जरूरतें हैं। अधिक इथेनॉल वाले फ्यूल के लिए ईंधन प्रणाली के अलग-अलग हिस्सों की अनुकूलता और सामग्री की मजबूती जरूरी होती है। इसलिए सामान्य पेट्रोल या ई20 कार में सीधे ई100 भरना सही नहीं होगा। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि मौजूदा वाहनों के मालिकों को ई85 या ई100 अपनाने के लिए न तो वाहन में बदलाव करना होगा और न ही फ्यूल बदलना अनिवार्य है। यह नियम विशेष रूप से तैयार किए गए फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों पर लागू होगा।

प्रावधान में क्या-क्या संशोधन

- ई100 को नियम 115 में शामिल किया गया। उत्सर्जन मानकों, ईंधन विनिर्देशों और परीक्षण प्रक्रियाओं में ई100 को ई85 के साथ जोड़ा गया है।
- अधिसूचना में बताया गया है कि ई85 और ई100 का इस्तेमाल केवल ओईएम द्वारा विशेष रूप से डिजाइन किए गए फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों में किया जाना चाहिए।
- सकल वाहन वजन की सीमा 3,000 किलोग्राम से बढ़ाकर 3,500 किलोग्राम की गई है।
- नियम 115 के कई उप-नियमों में ई85 के संदर्भ को ई85 या ई100 के रूप में विस्तारित किया गया है।
- पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण से जुड़े ई10 और ई20 संदर्भों के साथ-साथ बी100 बायोडीजल के मानकों को भी व्यवस्थित किया गया है।

अरुणाचल प्रदेश कांग्रेस चीफ का बड़ा दावा

भारतीय इलाके में 50 किमी अंदर तक आ गई थी चीनी सेना, हुई झड़प

अगस्त में दोनों सेनाओं में हाथापाई और लाठियों का हुआ इस्तेमाल, सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों ने दी जानकारी

नई दिल्ली/संचार जगत



अरुणाचल प्रदेश में चीनी सैनिक ऊपरी सुबनसिरी जिले में भारतीय क्षेत्र के भीतर 40 से 50 किलोमीटर तक अंदर आ गए थे। भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच आमना-सामना भी हुआ था। यह दावा कांग्रेस अध्यक्ष बोसीराम सिरम ने किया है। बोसीराम सिरम का कहना है कि उनके प्रतिनिधिमंडल को सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों से इस बारे में जानकारी मिली थी। हालांकि, इन दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है।

उन्होंने इस मामले की उच्च-स्तरीय जांच की मांग की है और स्थानीय समुदायों की चिंताओं को अधिकारियों द्वारा कथित तौर पर नजरअंदाज किए जाने पर सवाल उठाए हैं। अरुणाचल प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री बोसीराम सिरम ने 26 से 29 अगस्त के बीच कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा सीमावर्ती गांवों के दौरे पर गए थे। बॉर्डर से लगे गांवों में विजिट के बाद उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और गंभीर आरोप लगाए।

चीन ने कहा, समझौतों का कर रहे पालन

चीन के विदेश मंत्रालय ने अरुणाचल प्रदेश में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच आमने-सामने आने की खबरों पर प्रतिक्रिया दी है। चीन ने कहा है कि वह भारत के साथ हुए संबंधित समझौतों और दोनों देशों के बीच बनी सहमतियों का लगातार और सख्ती से पालन कर रहा है। साथ ही, चीन ने सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए भारत से भी मिलकर काम करने की अपील की है। रिपोर्ट के मुताबिक, सोमवार, 26 अक्टूबर को चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने अरुणाचल प्रदेश में भारतीय पक्ष के साथ कथित टकराव की खबरों पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि चीन सीमा क्षेत्रों में अपनी क्षेत्रीय संप्रभुता और सीमा की स्थिरता बनाए रखने के लिए नियमित गश्त और प्रबंधन गतिविधियां करता है। गुओ जियाकुन ने कहा कि चीन और भारत के बीच राजनयिक और सैन्य माध्यमों से बातचीत जारी है। चीन को उम्मीद है कि भारत भी इसी दिशा में काम करेगा और दोनों देशों के बीच बनी सहमतियों को लागू करने के लिए ठोस कदम उठाएगा।

सैनिकों ने एक-दूसरे पर लाठियों से किया हमला

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जुलाई के आखिरी हफ्ते में स्थानीय लोगों ने हमें ऐसी झड़पों के बारे में बताया। ऐसी खबरें थीं कि दोनों तरफ के सैनिकों ने एक-दूसरे पर लाठियों से हमला किया और उनके बीच हाथापाई हुई। भारतीय सेना ने भी चीनी सैनिकों की कथित आक्रामक गतिविधियों का जवाब दिया। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि सीमा पर कई जगहों पर इस तरह के आमना-सामने की घटनाएं होती रहीं, जिससे सेना की गश्त और आम नागरिकों की आवाजाही प्रभावित हुई। जुलाई में हुई इन कथित झड़पों या भारतीय क्षेत्र में चीनी सैनिकों के घुसने की सीमा के बारे में कोई स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। सीमावर्ती इलाकों के निवासियों की पारंपरिक आजीविका के साधनों तक पहुंच खत्म हो रही है। सैन्य स्थिति के अलावा, सिराम ने उन समुदायों के सामने आ रही बढ़ती मुश्किलों का जिक्र किया, जो दूर-दराज के सीमावर्ती इलाकों पर निर्भर हैं।

ज्ञानेश कुमार की कीमत पर 30 सेकंड में रुकेगा आंदोलन, व्यापारियों की अपील पर राहुल गांधी ने दिया जवाब

नई दिल्ली/संचार जगत

दिल्ली में एक नवंबर को प्रस्तावित राहुल गांधी की रैली को लेकर व्यापारियों ने चिंता जताई है। सदर बाजार बारी मार्केट ट्रेड एसोसिएशन के अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा ने दीपावली और अन्य त्योहारों के मद्देनजर राहुल गांधी तथा रैली के आयोजकों से कार्यक्रम की तारीख पर दोबारा विचार करने की अपील की है। इस मांग पर राहुल गांधी ने जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग की और कहा कि ऐसा करने से 30 सेकंड में आंदोलन रुक जाएगा। परमजीत सिंह पम्मा के मुताबिक सदर बाजार, चांदनी चौक, खारी बावली, फतेहपुरी और आजाद मार्केट जैसे प्रमुख कारोबारी इलाकों में त्योहारों के दौरान दूसरे राज्यों से भी बड़ी संख्या में व्यापारी और खरीदार पहुंचते हैं। इस समय गिफ्ट आइटम, सजावटी सामान, कपड़े, क्रॉकरी और अन्य उत्पादों की मांग बढ़ जाती है। ऐसे में यातायात संबंधी बाधाओं का सीधा असर बिक्री पर पड़ सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए व्यापार संघ ने राहुल गांधी और रैली के आयोजकों से कार्यक्रम की तारीख पर पुनर्विचार करने की अपील की है। इस बीच, राहुल गांधी के नाम से व्यापारियों को संबोधित एक संदेश भी सामने आया है। इसमें उन्होंने कहा हम आपसे प्यार करते हैं, आपकी बात सुन रहे हैं। संदेश में राहुल गांधी ने दिल्ली में मेट्रो सेवाएं बंद होने, सड़कों को सील किए जाने और राजधानी में आवाजाही प्रभावित होने को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि वोट चोरी के कारण लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं और जब वोट सुरक्षित नहीं हैं, तो दुकान, बचत और बच्चों का भविष्य भी सुरक्षित नहीं रह सकता। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग करते हुए दावा किया कि ऐसा होने पर आंदोलन 30 सेकंड में रुक जाएगा। यह बयान ऐसे समय आया है, जब प्रस्तावित रैली को लेकर एक ओर राजनीतिक गतिविधियां तेज हैं, वहीं दूसरी ओर त्योहारों के दौरान व्यापार प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।

गुवाहाटी के होटल में अंधाधुंध फायरिंग, 5 लोगों की गई जान

- एक महिला की भी मौत, कई लोग घायल
- पुलिस ने एक आरोपी को किया अरेस्ट



गुवाहाटी, आरएनएन। असम के गुवाहाटी में सोमवार रात गोलीबारी से हड़कंप मच गया। शहर के लाचित नगर इलाके में स्थित होटल बिलास इन में रात करीब 9 बजे हुई फायरिंग में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। मरने वालों में एक महिला भी शामिल है।

गुवाहाटी के पुलिस आयुक्त ने मौतों की पुष्टि की है। घटना के बाद इलाके में पुलिस और एंबुलेंस पहुंचीं। पुलिस ने मौके पर जांच शुरू कर दी है। वारदात के बाद एक शख्स को गिरफ्तार किया गया है। गुवाहाटी के पुलिस आयुक्त ने बताया कि 32 बोर की लाइसेंसी पिस्टल से हत्याकांड को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने वारदात में शामिल हथियार बरामद कर लिया है। गोलीबारी की घटना बोरा सर्विस के पास हुई। इसके बाद पुलिस और एंबुलेंस को मौके पर भेजा गया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, फायरिंग में कई लोग घायल हुए हैं, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल बताई जा रही हैं।

नोबेल न मिलने से नॉर्वे से नाराज है ट्रंप, नॉर्वेनियन को अमेरिका नहीं आने देना चाहते

नई दिल्ली/संचार जगत

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नोबेल शांति पुरस्कार न मिलने पर एक बार फिर नाराजगी जताई है। उन्होंने नॉर्वे को गाली देते हुए कहा कि वे वहां से किसी को अमेरिका नहीं आने देना चाहते हैं। ट्रम्प ने मिशिगन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने 8 जंग रुकवाई। फिर भी मुझे नोबेल नहीं मिला। मैं नॉर्वे से किसी को यहां आने देना नहीं चाहता। ट्रम्प ने फ्रांस में हाल में हुई हिंसा के लिए प्रवासियों को जिम्मेदार ठहराया। इसके बाद नॉर्वे की आलोचना करते हुए कहा कि वह एक घटिया देश बन गया है। ट्रम्प लंबे समय से दावा करते रहे हैं कि उनके कूटनीतिक प्रयासों के लिए उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें अब सिर्फ ईरान और यूक्रेन जंग सुलझाने हैं। ट्रम्प ने बताया कि पुरस्कार की घोषणा से पहले उन्हें उम्मीद थी कि यह सम्मान मिलेगा। उन्होंने अपनी पत्नी से भी कहा था कि नोबेल शांति पुरस्कार मिलना उनके लिए सम्मान की बात होगी। नोबेल शांति पुरस्कार का फैसला नॉर्वे की सरकार नहीं करती। विजेता का चुनाव स्वतंत्र नॉर्वेजियन नोबेल समिति करती है। इस समिति में पांच सदस्य होते हैं, जिन्हें नॉर्वे की संसद नियुक्त करती है। नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गार स्टोर पहले भी ट्रम्प को यह बात समझा चुके हैं कि पुरस्कार का फैसला सरकार नहीं करती। ट्रम्प 2018 से नोबेल शांति पुरस्कार मांग रहे हैं। इसके बाद फरवरी 2019 में उन्होंने खुलकर अपनी दावेदारी रखी। 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान भी ट्रम्प ने नोबेल का मुद्दा उठाया। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा से अपनी तुलना करते हुए कहा था कि अगर ओबामा को यह पुरस्कार मिल सकता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने 12वें ब्रिक्स संसदीय मंच में भाग लिया, विदेशी प्रतिनिधियों से की बातचीत

नई दिल्ली/संचार जगत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12वें ब्रिक्स संसदीय मंच में हिस्सा लिया और संसद भवन परिसर स्थित संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में विदेशी प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। संसदीय सहयोग को मजबूत करने और जन-केंद्रित विकास को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए ब्रिक्स सदस्य और साझेदार देशों के संसदीय नेताओं को एक साथ लाया गया है। इस कार्यक्रम में ब्रिक्स सदस्य और साझेदार देशों के पीठासीन अधिकारी और संसदीय नेता, केंद्रीय मंत्री, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, राज्य विधानसभाओं के पीठासीन अधिकारी, सांसद और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए हैं। इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने बैठक की अध्यक्षता की और ब्रिक्स सदस्य देशों के प्रतिनिधियों का स्वागत किया। उन्होंने भाग लेने वाले देशों के बीच संवाद, आपसी सम्मान और सहयोग के महत्व पर जोर दिया। ब्रिक्स देशों के बीच संसदीय जुड़ाव के महत्व को रेखांकित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत में ब्रिक्स संसदीय सहयोग की उपस्थिति, संवाद और आपसी सम्मान के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता तथा लोकतांत्रिक मूल्यों में हमारे साझे विश्वास को दर्शाती है।

लोकसभा अध्यक्ष ने ग्लोबल साउथ विकासशील देशों की आवाज को बुलंद करने और अंतरराष्ट्रीय मामलों की चर्चाओं में इसके प्रभाव को मजबूत करने की ब्रिक्स की क्षमता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स में ग्लोबल साउथ की एक सशक्त आवाज बनने की क्षमता है।

लूला दा सिल्वा चौथी बार ब्राजील के राष्ट्रपति बने

ब्राजीलिया। ब्राजील में लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने चौथी बार राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के समर्थक फ्लावियो बोल्सोनारो को हराया है। लूला ने 2022 के चुनाव में फ्लावियो के पिता और ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो को भी हराया था। 1989 में ब्राजील में सीधे राष्ट्रपति चुनाव शुरू हुए थे। उसके बाद यह पहली बार हुआ, जब पहले राउंड में दूसरे नंबर पर रहने वाला उम्मीदवार आखिरी राउंड में जीतकर राष्ट्रपति बना। ला 2002 से 2010 तक ब्राजील के राष्ट्रपति रह चुके हैं। दो बार लगातार राष्ट्रपति रहने के बाद उन्हें पद छोड़ना पड़ा था। लूला का राजनीतिक सफर काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है। 2018 में भ्रष्टाचार के मामले में उन्हें जेल जाना पड़ा था। बाद में उनकी सजा रद्द कर दी गई। इसके बाद वे 2022 का चुनाव लड़े और राष्ट्रपति बने।

मंजूरी इसमें हाई मोबिलिटी व्हीकल, सेल्फ-प्रोपेल्ड ट्रैक्ड गन सिस्टम, एयर डिफेंस सिस्टम और काउंटर ड्रोन सिस्टम शामिल

सेना के लिए खरीदे जाएंगे 2.12 लाख करोड़ के हथियार

नई दिल्ली/संचार जगत



डिफेंस एक्वीजिशन काउंसिल यानी डीएसी ने 26 अक्टूबर 2026 को रक्षा बलों के लिए बड़े हथियारों की खरीद को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में करीब 2,12,000 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को सैद्धांतिक मंजूरी दी गई।

इसमें भारतीय थल सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना तीनों के लिए कई महत्वपूर्ण सिस्टम और हथियार शामिल हैं। इन खरीदों से तीनों सेनाओं की लड़ाकू क्षमता काफी बढ़ेगी। आधुनिक युद्ध की चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी। थलसेना के लिए कई अहम प्रणालियों को मंजूरी मिली है। हाई मोबिलिटी व्हीकल्स से कठिन इलाकों में आवाजाही और रसद आपूर्ति आसान होगी। सेल्फ-प्रोपेल्ड ट्रैक्ड गन सिस्टम मैकेनाइज्ड फॉर्मेशनों को बेहतर गतिशीलता और फायरपावर देगा। गन शॉट रिस्पांस सिस्टम रियल-टाइम स्थिति की जानकारी देकर फोर्स को ताकत देना का काम करेगा। लाइट मल्टी रोल हेलीकॉप्टर थलसेना और वायुसेना दोनों इस्तेमाल करेंगी। ये हेलीकॉप्टर टोही, युद्ध, खोज-बचाव और आपदा राहत जैसे कामों में उपयोगी होंगे। वेरी शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम छोटी और आधुनिक हवाई हमलों को मार गिराने में मदद करेगा। प्लेटफॉर्म बेस्ड काउंटर अनमैन्ड एरियल सिस्टम टैंकों की सुरक्षा बढ़ाएगा। लंबी दूरी के निगरानी ड्रोन, इंटीग्रेटेड सर्विलांस एंड स्ट्राइक सिस्टम और लॉन्ग रेंज कामिकेज ड्रोन सिस्टम थलसेना की निगरानी और निशाना लगाने की क्षमता को नई ऊंचाई देंगे। ये सभी सिस्टम आधुनिक युद्धक्षेत्र की जरूरतों को ध्यान में रखकर चुने गए हैं।

भारतीय उद्योग को मिलेगा बड़ा लाभ

इन सभी मंजूरियों में करीब 82 प्रतिशत खरीद भारतीय उद्योग से की जाएगी। यह आत्मनिर्भर भारत अभियान की दिशा में बड़ा कदम है। घरेलू कंपनियों को बड़े ऑर्डर मिलने से उत्पादन क्षमता बढ़ेगी, रोजगार के मौके बनेंगे और विदेशी निर्भरता कम होगी। स्वदेशी सिस्टम न सिर्फ सस्ते पड़ेंगे बल्कि रखरखाव और अपग्रेड भी आसान होगा। कुल मिलाकर यह फैसला भारतीय सशस्त्र बलों को आधुनिक और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। थल, जल और वायु तीनों मोर्चों पर क्षमता बढ़ाने वाले ये प्रस्ताव भारत की रक्षा तैयारियों को नई मजबूती देंगे।

नौसेना और वायुसेना की क्षमता बढ़ेगी

नौसेना के लिए एक्टिव ऑफबोर्ड डिकॉय सिस्टम को मंजूरी मिली है। यह आधुनिक एंटी-शिप मिसाइलों के खिलाफ सुरक्षा बढ़ाएगा। इसके अलावा स्वदेशी डिजाइन और निर्माण वाले बड़े नौसैनिक प्लेटफॉर्म भी शामिल हैं जो नौसेना की लड़ाकू ताकत को मजबूत करेंगे। वायुसेना के लिए हेलीकॉप्टर, वायु रक्षा प्रणाली, हथियार और मोबाइल एक्स-बैंड डॉपलर वेदर रडार सिस्टम को हरी झंडी मिली है। स्पेशल यूटिलिटी हेलीकॉप्टर वायु परिवहन की जरूरतों को पूरा करेंगे। एक्स-बैंड डॉपलर वेदर रडार आगे के इलाकों में उच्च गुणवत्ता वाली मौसम निगरानी उपलब्ध कराएगा। इससे वायु रक्षा और युद्ध क्षमता दोनों बेहतर होंगी।

कोटा में एक ही दिन में दो छात्रों की मौत

दोनों छात्रों ने की खुदकुशी

नई दिल्ली/संचार जगत

इनमें एक छात्र मप्र के शिवपुरी का और दूसरा बिहार का रहने वाला

कोचिंग फैक्ट्री कोटा से एक बार फिर दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। यहां एक ही दिन दो छात्रों की खुदकुशी का मामला सामने आया है। जेईई और नीट की तैयारी कर रहे इन छात्रों की मौत की खबर ने एक बार फिर कोटा के नाम पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मध्य प्रदेश के शिवपुरी के रहने वाले 16 वर्षीय अजीत धाकड़ और बिहार के दरभंगा के रहने वाले गौतम मृतकों में शामिल हैं। दोनों के परिवार में मातम का माहौल है और पुलिस पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर सुसाइड की असली वजह क्या थी। मध्य प्रदेश के शिवपुरी के रहने वाले 16 साल के अजीत धाकड़ छह महीने पहले ही कोटा आए थे।

नवनियुक्त नगर निगम महापौर का त्योंहार के मौके पर शहर को जाम से निजात दिलाने का अनूठा प्रयास

संचार जगत



अलवर। दीपावली पर्व के अवसर पर शहर में होप सर्कस, घंटाघर, सब्जी मंडी, बजाजा बाजार, एवं नगर निगम कार्यालय के आसपास प्रतिवर्ष लगने वाली अस्थाई दुकानों के सुव्यवस्थित संचालन एवं सुगम यातायात व्यवस्था रखने के उद्देश्य से इस वर्ष सभी अस्थाई दुकानों को कंपनी बाग रोड पर निर्धारित स्थान पर लगाया जाएगा। नगर निगम महापौर सुमनलता अग्रवाल ने बताया कि अस्थाई दुकानों का आवंटन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा, प्रत्येक परिवार को केवल एक दुकान निःशुल्क आवंटित की जाएगी। दुकान आवंटन हेतु इच्छुक व्यक्ति नगर निगम कार्यालय के कक्ष संख्या 3 से आवेदन प्राप्त कर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन जमा कर सकते हैं। उन्होंने आमजन एवं पथ विक्रेताओं से अपील की कि वे निश्चित स्थान पर ही अपनी दुकान का आवंटन करवा कर व्यवसाय संचालित करें एवं नगर निगम के निर्देशों की पालना करें। उन्होंने बताया कि होप सर्कस, घंटाघर, सब्जी मंडी, बजाजा बाजार, एवं नगर निगम कार्यालय के आसपास किसी भी प्रकार की अस्थाई दुकान लगाने पर पूर्णतया रोक रहेगी, नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि दीपावली पर्व के दौरान शहर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए सभी शहरवासी एवं व्यापारी अपेक्षित सहयोग प्रदान करें।

अलवर में 300 रुपये किलो बिक रहा था घी, खाद्य विभाग का छापा; करीब 100 किलो नकली घी जब्त

संचार जगत

अलवर। शहर में खाद्य विभाग ने घी की दुकान पर कार्रवाई करते हुए करीब 100 किलो घी जब्त किया है। कम कीमत पर घी की बिक्री की सूचना के बाद विभाग ने मामले में कार्रवाई की। खाद्य विभाग के इंस्पेक्टर केशव गोयल ने बताया कि दुकान पर घी करीब 300 रुपये प्रति किलो के भाव से बेचा जा रहा था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दुकानदार करीब दो साल से यह कारोबार कर रहा था। वहीं, दुकानदार ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि बाहर से ग्राहक घी खरीदने आते हैं। उसके अनुसार, उसे घी 280 रुपये प्रति किलो के भाव से मिलता है, इसलिए वह इसे 300 रुपये प्रति किलो में बेच रहा था। खाद्य विभाग की टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए घी जब्त किया।

आदिकवि महर्षि वाल्मीकि की जयन्ती पर 'आदिकवि वाल्मीकि साहित्यिक योगदान एवं लोकमंगल की अवधारणा' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

संचार जगत

जयपुर। शान्ति एवं अहिंसा विभाग और संस्कृत अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जी की जयन्ती पर सोमवार को अकादमी के संकुल सभागार में 'आदिकवि वाल्मीकि साहित्यिक योगदान एवं लोकमंगल की अवधारणा' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। निदेशक अजय असवाल ने महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए अयोध्या काण्ड में वर्णित 14 सूत्रों को आत्मसात करने एवं समग्र समाज को मर्यादा पुरुषोत्तम राम की जीवनी से छोटी-छोटी एवं अच्छी आदतें अंगीकार करने की आवश्यकता बताई। उन्होने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए वाल्मीकि रचित रामायण में उद्धरित प्रसंगों से प्रेरणा ले कर श्रीराम के आदर्शों एवं चरित्र को अपनी जीवनशैली में अंगीकृत करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि व जगद्गुरु रामानन्दाचार्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. मदन मोहन झा ने राम की समस्त जीवों के लोक मंगल की अवधारणा को साकार करने हेतु किये गये कार्यों के बारे में अवगत कराया। मुख्य वक्ता के रुप में आचार्य कौशलेन्द्र दास ने महर्षि वाल्मीकि जी द्वारा रचित रामायंण में श्री राम जी एवं सीता जी के चरित्र की सुन्दर एवं सरल शब्दों में व्याख्या कर उपस्थित छात्र-छात्राओं को रामायण का अर्थ समझाया। राजस्थान संस्कृत अकादमी की निदेशक डॉ. लता श्रीमाली ने अतिथियों का स्वागत करते हुये महर्षि वाल्मीकि जी के द्वारा रचित रामायण ग्रन्थ की चौपाईयों के माध्यम से सामाजिक समरसता का संदेश दिया। संगोष्ठी में बड़ी संख्या में राजस्थान शिक्षक प्रशिक्षण विद्यापीठ, राजस्थान संस्कृत महाविद्यालय एवं जगद्?गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों एवं शैक्षणिक स्टॉफ द्वारा उत्साह के साथ भाग लिया गया। छात्र छात्राओं ने अपने शोधपत्रों के वाचन में महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन पर प्रकाश डाला।

दिल्ली स्थित श्रीलंका दूतावास के दिवाली मिलन समारोह में शामिल हुए विधान सभा अध्यक्ष

विभिन्न देशों के राजदूतों से की मुलाकात, दीपावली की शुभकामनाएँ दीं

संचार जगत



जयपुर। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित श्रीलंका के उच्चायोग में आयोजित 'दिवाली डैज़ल नाइट-2026' समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न देशों के राजदूतों एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों से मुलाकात की और उन्हें दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। समारोह में भारतीय संस्कृति, परंपरा और रामायण के शाश्वत मूल्यों का संदेश भी प्रमुखता से सामने आया। ग्लोबल ट्रेड एंड टेक्नोलॉजी काउंसिल (इंडिया) तथा लायंस क्लब दिल्ली वेग की ओर से आयोजित इस समारोह में पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी, राजस्थान सरकार के प्रमुख आवासीय आयुक्त रोहित कुमार तथा राजस्थानी अकादमी के अध्यक्ष डॉ. गौरव गुप्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। देवनानी ने अपने संबोधन में भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े मर्यादा, कर्तव्य, त्याग और आदर्शों का उल्लेख करते हुए कहा कि रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला शाश्वत संदेश है। भगवान श्रीराम का मर्यादित आचरण, माता सीता का धैर्य एवं समर्पण, लक्ष्मण का भ्रातृप्रेम और त्याग तथा भरत का सत्ता के प्रति अनासक्ति का भाव भारतीय संस्कृति के ऐसे आदर्श हैं, जो आज भी समाज को प्रेरणा देते हैं। देवनानी ने रावण के अहंकार के दमन का उल्लेख करते हुए इस बात को रेखांकित किया कि अहंकार, अन्याय और अधर्म का अंत निश्चित है। वहीं, मर्यादा, सत्य, त्याग और सदाचार जैसे मूल्य मानवता को सही मार्ग दिखाते हैं। रामायण का संदेश किसी एक देश या समाज तक सीमित नहीं, बल्कि विश्व समुदाय के लिए भी प्रासंगिक है। देवनानी ने कहा कि दीपावली का पर्व अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हमें अपने जीवन में सकारात्मकता, सद्भाव, करुणा और सामाजिक समरसता को अपनाने की प्रेरणा देता है। श्रीलंका के उच्चायोग में आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय मिलन समारोह ने विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों के बीच सांस्कृतिक संवाद, आपसी सद्भाव और भारतीय परंपराओं को साझा करने का अवसर प्रदान किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूरा किया रक्षाबंधन का वादा, आशा सहयोगिनी बहनों को मिला उपहार

आशा सहयोगिनियों के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि

संचार जगत

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश की आशा सहयोगिनी बहनों से रक्षाबंधन के अवसर पर किए गए वादे को पूरा करते हुए उन्हें मानदेय में वृद्धि की सौगात दी है। इससे प्रदेश में आशा सहयोगिनियों को अब 5 हजार 455 रुपये प्रतिमाह मिलेंगे। राज्य सरकार ने इसके लिए आशा सहयोगिनियों के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि के लिए वित्तीय स्वीकृति दे दी है

राज्य सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार आशा सहयोगिनियों का मानदेय 4 हजार 959 रुपये से बढ़ाकर 5 हजार 455 रुपये प्रतिमाह किया गया है तथा इसका भुगतान 1 अक्टूबर 2026 से देय होगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने राखी के अवसर पर आशा सहयोगिनियों के मानदेय में वृद्धि का वादा किया था।



अब प्रतिमाह मिलेंगे 5 हजार 455 रुपये

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में राज्य सरकार के इस निर्णय से आशा सहयोगिनियों को आर्थिक राहत मिलने के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को प्रोत्साहन मिलेगा।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर मतदाता करें अपने मताधिकार का प्रयोगः राजेश्वर सिंह



संचार जगत

जयपुर। राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह की उपस्थिति में सोमवार को सीकर जिले के नेछवा स्थित सनराइज स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में स्कूली विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों और आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस दौरान उपस्थित लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग करने तथा अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने 'एक पेड़ लोकतंत्र के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों ने मानव शृंखला बनाकर, विभिन्न कलाकृतियों के माध्यम से तथा हाथों में मतदान संबंधी संदेश लिखी तख्तियां लेकर आमजन को जागरूक किया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और मतदाता जागरूकता गीतों के माध्यम से मतदान का महत्व समझाया। इस अवसर पर राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने उपस्थित लोगों को मतदाता शपथ दिलाई तथा सभी से लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने की अपील की। इसके बाद उन्होंने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शामिल विद्यार्थियों ने विभिन्न नारों और स्लोगन के माध्यम से क्षेत्रवासियों को अधिकाधिक मतदान करने का संदेश दिया।



किसानों के हितों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

उर्वरकों के साथ जबरन अन्य उत्पाद बेचने वाले आदान विक्रेताओं पर होगी सख्त कार्रवाई

संचार जगत

जयपुर। राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा तथा कृषि आदानों की गुणवत्ता, उचित मूल्य एवं पारदर्शी वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पूरी गंभीरता एवं प्रतिबद्धता से काम कर रही है। प्रदेश में उर्वरकों की कालाबाजारी, अधिक मूल्य वसूली, जबरन टैगिंग तथा अन्य अनियमितताओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए कृषि विभाग द्वारा व्यापक निरीक्षण एवं निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। कृषि विभाग ने निरीक्षण व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं जवाबदेह बनाने के लिए एक विशेष मोबाइल ऐप भी विकसित किया है। इस ऐप के माध्यम से अब तक प्रदेश में 9,000 से अधिक कृषि आदान विक्रेताओं के निरीक्षण किए जा चुके हैं तथा विभिन्न अनियमितताओं के मामलों में 250 से अधिक विक्रेताओं के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई राज्य सरकार की किसानों के हितों के प्रति संवेदनशीलता तथा कृषि आदान वितरण व्यवस्था में अनियमितताओं के प्रति सख्त रुख को दर्शाती है।

जबरन टैगिंग पर पूर्ण प्रतिबंध, कंपनियों की भी जवाबदेही तय

कृषि आयुक्तालय द्वारा 23 अक्टूबर 2026 को जारी निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि किसानों को यूरिया, डीएपी अथवा अन्य अनुदानित उर्वरकों के साथ जिंक, सल्फर, कीटनाशक, जैव उर्वरक या अन्य कृषि उत्पाद खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। ऐसी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर केवल खुदरा विक्रेताओं ही नहीं, बल्कि संबंधित थोक विक्रेताओं तथा उर्वरक निर्माता एवं आपूर्तिकर्ता कंपनियों की भूमिका की भी जांच की जाएगी।

मोबाइल ऐप से निरीक्षण व्यवस्था हुई सुदृढ़

विभाग द्वारा विकसित मोबाइल ऐप के माध्यम से कृषि आदान विक्रेताओं के निरीक्षण को डिजिटल व्यवस्था से जोड़ा गया है। इससे निरीक्षण संबंधी सूचनाओं के संकलन, निगरानी एवं समीक्षा में सुविधा होगी। इस पहल का उद्देश्य निरीक्षण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, व्यवस्थित एवं जवाबदेह बनाना तथा अनियमितताओं की समय पर पहचान कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना है। विभाग द्वारा प्रदेशभर में कृषि आदान विक्रेताओं के निरीक्षण अभियान को निरंतर जारी रखा जाएगा।

साहस, संवेदना और सूझबूझ को सलामः डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने सराहे सप्ताह के पांच सफलता सूत्र, पुलिसकर्मियों का बढ़ाया हौसला

'बेस्ट पुलिस वर्क ऑफ द वीक' में अक्टूबर के दूसरे सप्ताह की उपलब्धियां चयनित

संचार जगत



जयपुर। हाई-टेंशन पोल पर चढ़कर युवक की जान बचाने वाला जांबाज कांस्टेबल हो या धार्मिक आयोजन में जेवर चुराने वाली गैंग को दबोचने वाली टीम, राजस्थान पुलिस के जवानों ने बीते सप्ताह फिर साबित किया कि जनसेवा और अपराध के विरुद्ध सख्ती ही उनकी पहचान है। महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा ने अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में जिलों से प्राप्त सफलता कहानियों में से चयनित पांच उत्कृष्ट कार्रवाइयों की मुक्त कंठ से सराहना की है। उन्होंने सभी संबंधित पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्य पूरे पुलिस बल का मनोबल बढ़ाते हैं और आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास मजबूत करते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि यही समर्पण, साहस और संवेदनशीलता आगे भी बनी रहेगी और अन्य पुलिसकर्मी भी इनसे प्रेरणा लेंगे।

1. जयपुर पश्चिमः जान की परवाह किए बिना पोल पर चढ़कर बचाई युवक की जान

चेतक 60 पर ड्यूटी के दौरान पीसीआर से सूचना मिलने पर पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा। वहां एक व्यक्ति मोतीलाल ठाकुर पुत्र गोकुल (50) निवासी गांव दराडिया थाना रैली जिला सागर एम पी हाल बावड़ी पहाड़ी तलहटी कच्ची बस्ती 33 हजार वोल्ट के हाई-टेंशन तार की चपेट में आकर करंट से गंभीर हालत में पोल पर लटका हुआ था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए थाना खोराबीसल के कांस्टेबल चालक सुनील कुमार (नं. 5512) ने अदम्य साहस दिखाया और तुरंत पोल पर चढ़कर घायल युवक को सुरक्षित नीचे उतारा। उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जिससे उसकी जान बच गई। कांस्टेबल के इस साहसिक कार्य की चौतरफा सराहना हो रही है।

2. जयपुर उत्तरः राजलक्ष्मी बैंक के फर्जी लोन घोटाले में 2 इनामी आरोपी गिरफ्तार

थाना माणकचौक में 'दी राजलक्ष्मी महिला अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, जयपुर' में फर्जी पट्टों और दस्तावेजों के आधार पर 13 फर्जी ऋण खाते बनाकर करोड़ों रुपये हड़पने और बैंक को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज है। इसमें बैंक की पूर्व अध्यक्षा, अधिकारियों, ऋणियों और अधिवक्ताओं सहित कुल 59 आरोपी नामजद हैं। लंबे समय से फरार और बार-बार ठिकाने बदलकर पुलिस को चकमा दे रहे 10-10 हजार रुपये के दो मुख्य इनामी आरोपियों को विशेष टीम ने तकनीकी अनुसंधान और मुखबिर तंत्र की सूचना पर गिरफ्तार किया। पुलिस अब माल और शेष आरोपियों की तलाश में जुटी है।

3. सीकरः ज्वैलर्स से डकैती के मामले में 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

थाना नेछवा के गनेड़ी क्षेत्र में ज्वैलर्स के साथ हुई डकैती के गंभीर मामले में वांछित रामेश्वर लाल सोनी उर्फ रमेश को पुलिस ने 10 अक्टूबर 2026 को गिरफ्तार किया। वह 25 हजार रुपये का इनामी और जिला स्तर की टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल था। घटना के 8 महीने बाद मिली इस सफलता से शातिर अपराधी कानून के शिकंजे में आया है।

4. टोंकः निवाई में 50 लाख रुपये के अवैध पटाखे जब्त

टोंक पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा के निर्देशन में डीएसटी और निवाई थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने 12 अक्टूबर 2026 को निवाई के आदित्य प्लाजा स्थित दुकानों पर दबिश दी। बिना लाइसेंस भारी मात्रा में पटाखे रखने के आरोप में तुलसी राम चंदानी को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से करीब 50 लाख रुपये मूल्य के 400 से अधिक बारूद से भरे कार्टन जब्त किए गए। आरोपी के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम और संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

5. डीडवाना/कुचामनः भागवत कथा कलश यात्रा में जेवर चुराने वाली अंतरराज्यीय गैंग की 28 महिलाएं गिरफ्तार

12 अक्टूबर 2026 को कुचामन सिटी थाना क्षेत्र में शिव मंदिर से उगरपुरा तक निकाली गई भागवत कथा कलश यात्रा के दौरान महिलाओं के सोने-चांदी के जेवर चुराने या तोड़ने वाली शातिर गैंग का पुलिस ने पर्दाफाश किया। त्वरित कार्रवाई करते हुए गैंग की 28 महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। वारदात को सीधे अंजाम देने वाली चार मुख्य महिलाएं भी इसमें शामिल हैं। इस कार्रवाई से धार्मिक आयोजनों में सक्रिय टप्पेबाजों और चोर गिरोहों पर बड़ा शिकंजा कसा गया है।

डीजीपी का संदेश–

डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि राजस्थान पुलिस का हर जवान जनता की सुरक्षा और सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। अच्छा कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सदैव प्रोत्साहित किया जाएगा और अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

खड़गे की टिप्पणी ने भाजपा को सड़क पर उतरने का दिया मौका

खड़गे की अभद्र टिप्पणी पर सीएम सहित कई नेताओं का पलटवार



जयपुर। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिवंगत पिता के बारे में की गई एक अभद्र टिप्पणी के बाद राजनीतिक टकराव बढ़ गया है। भाजपा ने इस मुद्दे पर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खड़गे की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व पर राजनीतिक स्तर को गिराने और व्यक्तिगत हमलों का सहारा लेने का आरोप लगाया है। उन्होंने प्रधानमंत्री के दिवंगत पिता पर की गई टिप्पणी की निंदा करते हुए इसे राजनीतिक मर्यादा में गिरावट का सबूत बताया। मुख्यमंत्री शर्मा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अपनी राजनीतिक असफलताओं पर आत्ममंथन करने के बजाय व्यक्तिगत हमलों का सहारा ले रही है।

संचार जगत

जयपुर। जयपुर में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता पर की गई विवादित टिप्पणी को लेकर बीजेपी विरोध तेज हो गया। सोमवार शाम बीजेपी कार्यकर्ताओं ने खड़गे की टिप्पणी का विरोध करते हुए सड़क पर उतरे। पुलिस ने कांग्रेस कार्यालय का घेराव करने के लिए निकले कार्यकर्ताओं को चौमूं हाउस सर्किल पर बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। इसके बाद मौके पर जमकर नारेबाजी हुई। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पर चढ़कर दूसरी तरफ जाने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, जिसके दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। प्रदर्शन के दौरान बीजेपी कार्यकर्ताओं ने मल्लिकार्जुन खड़गे के पुतले को फूंक दिया। बीजेपी युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष शंकर गोरा ने खड़गे से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। बीजेपी ने पहले कांग्रेस कार्यालय के घेराव का ऐलान किया था, लेकिन अनुमति नहीं मिलने के बाद चौमूं हाउस सर्किल तक मार्च निकालकर विरोध जताया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने इस मामले में कहा कि सत्ता की लालसा और राजनीतिक विरोध की आड़ में भाषा की मर्यादा को तार-तार करना किसी भी जिम्मेदार व्यक्ति को शोभा नहीं देता। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई टिप्पणी पर नाराजगी जताते हुए कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पर इस तरह की टिप्पणी उचित नहीं है और मल्लिकार्जुन खड़गे को अपने बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए।





राजनाथ सिंह ने खड़गे को दिया जवाब



संचार जगत

नई दिल्ली । केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता के ऊपर की गई टिप्पणी से आहत हैं। प्रधानमंत्री मोदी को ऐसी टिप्पणियों से न तो विचलित किया जा सकता है और न ही जनसेवा के उनके संकल्प को कमजोर किया जा सकता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि पटना में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा की गई टिप्पणी से मैं स्तब्ध हूं। इस पूरे प्रकरण में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह टिप्पणी कांग्रेस के किसी सामान्य कार्यकर्ता या किसी युवा नेता ने नहीं, बल्कि अपने को देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी' कहने वाली पार्टी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने आचरण से करोड़ों देशवासियों की भावनाओं को आहत किया है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के लोग यहीं नहीं रुके। अब कांग्रेस पार्टी खड़गे के शब्दों को जस्टिफाई कर फिर से लोगों की भावनाओं को आहत कर रही है। उन्होंने कहा कि अपनी गलती स्वीकार कर खेद व्यक्त करने के बजाय कांग्रेस इस बयान को सही ठहराने में जुटी है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विरोध अपनी जगह है लेकिन इस तरह का आचरण किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं हो सकता। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, ''वैचारिक विरोध को व्यक्तिगत अपमान में बदल देना, राजनीतिक असहमति को अभद्र भाषा तक ले जाना और प्रधानमंत्री के परिवार को निशाना बनाना कांग्रेस की हताशा और वैचारिक शून्यता को दर्शाता है।

शेखावत ने विपक्ष पर लगाया अराजकता फैलाने का आरोप



जोधपुर। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने विपक्ष पर देश में अराजकता फैलाने का आरोप लगाया। शेखावत ने कहा कि लोकतंत्र में हर दल को अपनी बात जनता के बीच रखने का अधिकार है लेकिन विपक्ष को पहले अपना मंतव्य स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने पहले भी दिल्ली में अराजकता फैलाने की कोशिश की थी।

नकली नोटों के खिलाफ सीएसटी की बड़ी कार्रवाई

करीब साढ़े तीन लाख की मुद्रा बरामद

संचार जगत



जयपुर। जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल एवं स्पेशल पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश के निर्देशन में जयपुर पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। एनडीपीएस यूनिट की सूचना पर सीएसटी टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी शाहवाज खान के कब्जे से 3 लाख 45 हजार रुपये की नकली भारतीय मुद्रा बरामद की है। स्पेशल कमिश्नर ओमप्रकाश ने बताया कि एनडीपीएस यूनिट की सूचना पर सीएसटी टीम ने आरोपी शाहवाज खान के संबंध में जानकारी जुटाकर कार्रवाई की है। आरोपी के कब्जे से 3 लाख 45 हजार रुपये के नकली 500 के नोट बरामद किए हैं। बरामद मुद्रा को जब्त कर मामले में आगे की जांच और आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस थाना भट्टाबस्ती को नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई के लिए सुपुर्द किया गया है। शाहनवाज नकली नोटों की खेप को पंचायतीराज चुनाव और त्यौहारी सीजन के चलते बाजार में खपाना की तैयारी में था।

पशु चिकित्सा और पशुधन संरक्षण में भी राजस्थान हो अव्वल: राज्यपाल

संचार जगत



जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने जोबनेर में राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में वेटनरी मेडिसन इन दी डिजिटल ऐरा विषयक राष्ट्रीय सिम्पोजियम का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत में पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था, राष्ट्रीय आय और रोजगार का बहुत बड़ा आधार है। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि राजस्थान दुग्ध उत्पादन में पूरे देश में दूसरे स्थान पर है। उन्होंने पशुपालकों के लिए राज्य में 'मुख्यमंत्री दुग्ध संबल योजना' और सरस डेयरी के विस्तार की सराहना करते हुए कहा कि पशु चिकित्सा और पशुधन संरक्षण में भी राजस्थान देशभर में अग्रणी बने। उन्होंने दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए पशुओं को वैज्ञानिक तरीके से संतुलित आहार के साथ उनकी उचित स्वास्थ्य एवं नस्ल की देखभाल करने के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमता के युग में पशुओं के स्वास्थ्य से जुड़े सतत विकास के आलोक में राष्ट्रीय सिम्पोजियम को महत्वपूर्ण बताया। बागडे ने कहा कि यह बड़ी बात है कि राजस्थान में देश का सर्वाधिक देशी पशुधन है। उन्होंने इसके अंतर्गत राठी, थारपारकर आदि गायों को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इनके दूध की क्वालिटी बाहर की गायों से बेहतर है। बागडे ने कहा कि पशुओं के रोग का निदान मनुष्य से अधिक कठिन होता है। आदमी अपने रोग, पीड़ा को कहकर बता सकता है परंतु जानवर तो बता नहीं सकते। इसलिए पशु चिकित्सकों की भूमिका अधिक महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने पशु चिकित्सकों से पशुओं के रोग निदान में मानवीय रहते हुए कार्य करने का आह्वान किया।

वनरक्षक भर्ती परीक्षा के फर्जीवाड़े में दो गिरफ्तार

संचार जगत

जयपुर। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित वनरक्षक सीधी भर्ती परीक्षा-2020 में फर्जीवाड़े और डमी अभ्यर्थी बैठाने के मामले में स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले में वांछित मूल अभ्यर्थी भारत मीणा और उसके स्थान पर फर्जी तरीके से परीक्षा देने वाले डमी अभ्यर्थी दिनेश कुमार विश्नोई को गिरफ्तार कर लिया है। एसओजी के अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस विशाल बंसल ने बताया कि यह कार्रवाई पुलिस थाना एसओजी जयपुर में दर्ज मामले के तहत की गई है। पूछताछ के दौरान जानकारी मिली कि मूल अभ्यर्थी भारत मीणा ने नौकरी पाने के लिए ठेकड़ा के डालूराम मीणा से संपर्क साधा था।

कांग्रेस मोदी के सामने नहीं करेगी सरेंडर

संचार जगत



जयपुर। कांग्रेस ने दिल्ली में होने वाली महारैली के लिए राजस्थान में तैयारियां तेज कर दी हैं। एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली वोट बचाओ, देश बचाओ रैली के लिए राजस्थान से एक लाख कार्यकर्ताओं को जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। इस मसले पर कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने प्रदेश के नेताओं के साथ रैली की तैयारियों पर चर्चा की। बैठक में अशोक गहलोत, सचिन पायलट, गोविंद सिंह डोटासरा और टीकाराम जूली समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने सरेंडर नहीं करेगी। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग दोहराते हुए कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित नहीं होते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। कांग्रेस इस रैली के जरिए चुनाव प्रक्रिया और मतदाताओं के वोट की सुरक्षा का मुद्दा उठाएगी। पार्टी का दावा है कि देशभर से करीब 10 लाख लोग रैली में शामिल होंगे, जबकि राजस्थान से एक लाख कार्यकर्ताओं को जुटाने की तैयारी है।

वैष्णों देवी पदयात्रियों का भव्य स्वागत

27 दिवसीय यात्रा का समापन, फूलमालाएं पहनकार किया अभिनंदन



संचार जगत

जयपुर। जय मां वैष्णो देवी सेवा समिति सांगानेर की ओर से निकाली गई 27 दिवसीय वैष्णो देवी पदयात्रा के सफल समापन पर जयपुर लौटे श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर कंवर का भाग लाड़को की ढाणी सांगानेर पर जयपुर नगर निगम वार्ड 52 के कांग्रेस पार्षद हनुमान सैनी एवं हंसा राठौड़, पूनम खंगारोत ने पदयात्रियों को फूलमालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया। माता रानी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। समिति के दुर्गा प्रसाद कुमावत संरक्षक नारायण राजोरिया, गोपाल सैनी, संरक्षक सागर कुमावत रामबाबू शर्मा ने बताया कि विश्वशांति एवं भाईचारे का संदेश लेकर 22 सितंबर को मोती डूंगरी गणेश मंदिर जयपुर से ध्वज पूजन के साथ पदयात्रा रवाना हुई थी।श्रद्धालुओं ने माता वैष्णो देवी भवन एवं श्री भैरव बा के दर्शन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।

पीसीसी सचिव इमरान कुरैशी ने रक्तदाताओं का किया उत्साहवर्धन

संचार जगत



जयपुर। राजस्थान कांग्रेस कमेटी के सचिव इमरान कुरैशी ने टीम झोटवाड़ा द्वारा सैनी विवाह स्थल, कांटा चौराहा पर आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में शिरकत कर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर वे बोले- रक्तदान महादान है। आपकी एक बूंद रक्त किसी की जिंदगी बचाकर उसे नया जीवन दे सकती है। उन्होंने सभी से मानवता की सेवा के इस पुनीत कार्य में आगे आएं और दूसरों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

स्वच्छता और वृक्षारोपण अभियान चलाया

संचार जगत

जयपुर। आईसीएमएआई जयपुर चैप्टर, जयपुर बाय जयपुरियाट्स एवं टीम 10 के संयुक्त तत्वावधान में नेशनल हैंडलूम के पास स्थित एम्फीथिएटर एरिया में कम्युनिटी क्लीनिंग एवं प्लांटेशन ड्राइव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हर वर्ग के लोगों ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अभियान में बच्चों से लेकर बुजुर्ग सदस्यों ने उत्साह से हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सभी ने देश और समाज को स्वच्छ रखने की सामूहिक शपथ ली।

जोधपुर-पाली-मारवाड़ औद्योगिक क्षेत्र में रेलवे साइडिंग को मंजूरी

संचार जगत

जयपुर। राजस्थान में दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारा डीएमआईसी परियोजना के अंतर्गत विकसित किए जा रहे जोधपुर-पाली-मारवाड़ औद्योगिक क्षेत्र में कई उपलब्धियां हासिल हुई हैं। राजस्थान इंडस्ट्रियल कॉरिडोर्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा जिला पाली के रोहट में जेपीएमआईए- एसआईआर की एकीकृत औद्योगिक टाउनशिप विकसित की जा रही है। मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स हब हेतु उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल द्वारा रोहट स्टेशन से रेलवे साइडिंग बिछाने की सैद्धांतिक स्वीकृति मिल गई है। रिडको के निदेशक मंडल ने इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड को गैस टर्मिनल स्थापित करने के लिए भूमिआवंटित करने की स्वीकृति प्रदान की है। निदेशक मंडल द्वारा फेज-। की संशोधित विस्तृत लेआउट योजना स्वीकृत की गई है, जिसमें टेक्सटाइल, फार्मा, कृषि प्रसंस्करण तथा सामान्य उद्योगों के लिए क्षेत्र-विशिष्ट पार्क प्रस्तावित हैं। टाउनशिप में निर्बाध जल एवं विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लगभग 400 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से समर्पित जल एवं विद्युत लाइनें बिछाई जा रही हैं।

जिला प्रभारी सचिव ने राजस्थान संपर्क 181 कॉल सेंटर का किया दौरा

संचार जगत



जयपुर। बांसवाड़ा जिला प्रभारी सचिव एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की शासन सचिव डॉ. आरुषि अजेय मलिक ने राजस्थान संपर्क 181 कॉल सेंटर का दौरा कर आमजन की शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समीक्षा में बताया गया कि बांसवाड़ा जिले में दर्ज 52,341 शिकायतों में से 51,574 का निस्तारण किया जा चुका है। डॉ. मलिक ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बांसवाड़ा के शिकायतकर्ताओं से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और कार्रवाई का फीडबैक लिया। इस दौरान शिकायतकर्ताओं के साथ जिले के संबंधित अन्य अधिकारी भी जुड़े। डॉ. मलिक ने अतिरिक्त जिला कलक्टर, बांसवाड़ा को संबंधित विभागों से समन्वय कर लंबित शिकायतों का शीघ्र समाधान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को जिलेभर में क्षेत्रीय दौरे कर आमजन की समस्याएं जानने और शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लेने के भी निर्देश दिए।

विद्युत वितरण निगमों की राष्ट्रीय कांफ्रेंस आज

संचार जगत

जयपुर। इण्डिया स्मार्ट ग्रिड फोरम और राज्य सरकार के ऊर्जा विभाग की सहभागिता से जयपुर में आज और कल डिस्ट्रीब्यूशन यूटीलिटी मीट-का आयोजन किया जाएगा। विद्युत वितरण क्षेत्र की इस राष्ट्रीय कॉन्फ्रेन्स में केन्द्र सरकार के विद्युत मंत्रालय, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, राज्यों के डिस्कॉम्स, केन्द्रीय एवं राज्य विद्युत नियामक आयोगों के प्रतिनिधियों सहित देश के पावर डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर की लगभग सभी प्रमुख कम्पनियों, संस्थाओं के शीर्ष अधिकारी तथा ऊर्जा विशेषज्ञ आदि भाग लेंगे। दो दिवस कॉन्फ्रेंस के दौरान 7 सत्रों में विद्युत वितरण तंत्र में हो रहे नवाचारों, नीतिगत सुधारों, डिस्कॉम्स के आर्थिक सुदृढ़ीकरण, डिजिटाइजेशन, एआई टूल्स एवं उनके बढ़ते उपयोग, एनर्जी ट्रांजिशन के साथ शून्य कार्बन उत्सर्जन की ओर बढ़ने, ग्रिड आधुनिकीकरण एवं इसके स्मार्ट प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा के बढ़ते अवसरों, ऊर्जा भण्डारण, डेटा सेंटरों एवं इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग के कारण बिजली की बढ़ती मांग एवं इसके समुचित प्रबंधन आदि की राह में आने वाली बाधाओं, चुनौतियों एवं उनके समाधान पर चर्चा की जाएगी।

एसएमएस में मरीजों को रेफर करने के बदलेंगे नियम

संचार जगत



जयपुर। जयपुर के एसएमएस मेडिकल कॉलेज से जुड़ी अस्पतालों में मरीजों को रेफर करने के लिए नई एसओपी लागू करने की तैयारी की जा रही है। इसके तहत जनाना, महिला चिकित्सालय, कांवटिया और गणगौरी अस्पताल समेत दूसरे अटैच हॉस्पिटलों से गंभीर मरीजों और प्रसूताओं को एसएमएस हॉस्पिटल की इमरजेंसी में भेजने से पहले सूचना देनी होगी। लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि बिना पूर्व सूचना के गंभीर मरीज एसएमएस इमरजेंसी पहुंच रहे हैं। इससे मरीजों के इलाज, आईसीयू की व्यवस्था और इमरजेंसी स्टाफ के मैनेजमेंट में परेशानी होती है। नई व्यवस्था के तहत मरीज को रेफर करने से पहले संबंधित अस्पताल में जरूरी जांच और शुरुआती इलाज करना होगा। साथ ही मरीज की पूरी मेडिकल हिस्ट्री, जांच रिपोर्ट और अब तक किए गए इलाज की जानकारी निर्धारित फॉर्म में भेजनी होगी। प्रशासन के मुताबिक बिना सूचना मरीज रेफर करने या बिना जरूरी जांच और इलाज के एसएमएस भेजने पर संबंधित यूनिट हेड और डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान रखा जाएगा।

सूखा संभावित जिलों में आकस्मिक कार्य-योजना की कवायद

जयपुर। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में सचिवालय में कमेटी ऑफ सेक्रेट्रीज की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य सचिव ने मिशन कर्मयोगी, प्रक्रियाधीन भर्तियों, विभागीय स्कीमेटिक योजनाओं, बजट घोषणाओं की प्रगति, राजकाज पोर्टल पर फाइलों के निस्तारण, राजस्थान संपर्क पोर्टल तथा संभावित सूखा प्रभावित क्षेत्रों में राहत प्रबंधन की विभागवार समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में भर्तियों की समीक्षा का और आगामी रोजगार मेले की तैयारियों पर चर्चा की। बैठक में बजट घोषणाओं पर चर्चा के साथ स्कीमेटिक योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन पर विचार किया गया। बैठक में बताया गया कि मिशन कर्मयोगी में राजस्थान देश में दूसरे स्थान पर है।

संपादकीय

द्वंद्व से बाहर

हिमाचल में आकर ज्ञान व चिंतन के यज्ञ तो बहुत होने लगे हैं, लेकिन प्रदेश का अपना मौलिक चिंतन है कहां। समाज का एक बड़ा पक्ष उपलब्धियों को निचोड़कर व्यक्तिगत गहमागहमी में उलझ गया, तो शहर होते नागरिकों को अपने हिस्से की भीड़ में गुम होना रास आ गया। आखिर जीवन का इवेंट क्या है और महफिल का रंग क्या है। देश भर की हस्तियां अपने साथ सैकड़ों मुद्दे लाकर कसौली के लिटफेस्ट को स्वतंत्र अभिव्यक्ति, राष्ट्रीय सरोकारों और द्वंद्व से बाहर निकालने का रास्ता ईजाद कर रहे हैं। खुशवंत सिंह लिटफेस्ट के हवाले से कसौली के राष्ट्रीय मूल्य बढ़ जाते हैं। इस बार भी 80 के करीब हस्तियां जब यहां पहुंची, तो संवाद के विषय लोकतांत्रिक घुटने से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तक तथा पुस्तकों के आवरण से फिल्म के पर्दे तक चर्चाएं होने लगीं। हम इसे एक संस्था का कार्यक्रम होते देखते हैं, लेकिन इस बहाने क्या कसौली खुद को देख पाता है। पर्यटन की आवभगत में कसौली का वजूद कांपता है। कांपती है धरोहर और कदमों के नीचे प्राचीन पत्थर कांपते हैं। क्या हमने चंडीगढ़ के नजदीक हिमाचल के सबसे पहले स्पर्श यानी कि कसौली को इस लायक बनाया कि वहां पर्यटन के फासले दिल के भी नजदीक पहुंचें। हिमाचल में पर्यटन ब्रांडिंग के कई डेस्टिनेशन हैं और अगर इन शहरों में इवेंट चलें, तो प्रदेश में सार्थक ऊर्जा पैदा होगी। वैसे हमारे नेताओं के प्रभुत्व और प्रभाव से कहीं भी कोई सांस्कृतिक समारोह पैदा हो जाता है, लेकिन सियासी ढलान पर हमीर उत्सव भी शिथिल हो जाता। आश्चर्य यह कि कहीं भी प्रभाव से कोई समारोह राज्य स्तरीय घोषित हो जाता, जबकि लोक परंपराएं लुप्त हो रही हैं। सांस्कृतिक समारोहों की रौनक के लिए 'माइक' बिक जाते हैं और कोई पंजाबी का मशहूर सिंगर 'लिप सिंगिंग' करके भारी राशि ले जाता है। पिछले कुछ सालों से शिमला-धर्मशाला के अलावा मंडी व हमीरपुर में भी फिल्मों के आर्ट, मजमून, अदायगी और तकनीक पर न केवल प्रदर्शन हुए, बल्कि ऐसी चर्चाएं हुईं, जिनसे यहां की प्रतिभाओं को वैचारिक गति मिली। बेशक कई सरकारी समारोहों में साहित्य पर विवेचन हुआ, लेकिन हम अकसर एक ही लकीर को पीटते हैं। साहित्य अकादमी और विभाग के आयोजनों में कविता, कहानी, व्यंग्य या लघु कथा से ज्यादा ध्यान उसकी भागीदारी में जुटे साहित्यकारों पर होता है। आश्चर्य यह कि विभाग कहीं भी ओपन मंच नहीं खोल पाया। विश्वविद्यालयों की संगोष्ठियां भी बंद पर्दों के भीतर किसी न किसी 'वाद' में संलिप्त हैं। शोध की परंपराएं सिर्फ पीएचडी की डिग्री हैं, जबकि न हिमाचल अपने वजूद को पहचान पाया और न ही सभ्यता-संस्कृति और परंपराओं को परिमार्जित कर पाया। यही कारण है कि युवाओं में नवाचार के प्रति कोई समर्पण भाव सामने नहीं आया। बेशक विकास के नक्शे बदल रहे हैं, लेकिन ज्ञान के चक्षु बंद हैं।

मतभेद अनेक फिर भी भारत एक, यही है राष्ट्रीय एकता

हमारी असली शक्ति इस विविधता को मिटाने में नहीं, बल्कि उसका सम्मान करते हुए एक साझा राष्ट्रीय पहचान को सुदृढ़ करने में है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत का विजयादशमी पर दिया जाने वाला वार्षिक उद्बोधन इसी व्यापक परिप्रेक्ष्य में विचारणीय एवं राष्ट्रीय एकता का महा-उद्घोष है। उनके संदेश में देश की एकता, सामाजिक सद्भाव, नागरिक अनुशासन और भारत के सामने उपस्थित चुनौतियों के प्रति सजग रहने का आह्वान है। यह संदेश किसी एक संगठन, विचारधारा अथवा राजनीतिक पक्ष तक सीमित नहीं रहना चाहिए ।




भारत केवल एक भौगोलिक सीमा में बसा देश नहीं, बल्कि विविधताओं के बीच विकसित हुई एक ऐसी सांस्कृतिक चेतना है, जिसने हजारों वर्षों से अनेक विचारों, आस्थाओं, भाषाओं, परंपराओं और जीवन-पद्धतियों को अपने भीतर स्थान दिया है। हमारी असली शक्ति इस विविधता को मिटाने में नहीं, बल्कि उसका सम्मान करते हुए एक साझा राष्ट्रीय पहचान को सुदृढ़ करने में है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत का विजयादशमी पर दिया जाने वाला वार्षिक उद्बोधन इसी व्यापक परिप्रेक्ष्य में विचारणीय एवं राष्ट्रीय एकता का महा-उद्घोष है। उनके संदेश में देश की एकता, सामाजिक सद्भाव, नागरिक अनुशासन और भारत के सामने उपस्थित चुनौतियों के प्रति सजग रहने का आह्वान है। यह संदेश किसी एक संगठन, विचारधारा अथवा राजनीतिक पक्ष तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे राष्ट्रीय जीवन के आत्ममंथन का अवसर बनाना चाहिए। आज भारत जिस वैश्विक परिवेश में आगे बढ़ रहा है, उसमें उसकी आर्थिक प्रगति, तकनीकी क्षमता, लोकतांत्रिक व्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय प्रभाव का विस्तार अनेक संभावनाएं पैदा कर रहा है। लेकिन किसी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति केवल उसकी आर्थिक उपलब्धियों, सैन्य सामर्थ्य अथवा वैश्विक प्रतिष्ठा से नहीं मापी जाती। उसकी सबसे बड़ी शक्ति होती है-उसके नागरिकों का परस्पर विश्वास, संस्थाओं के प्रति सम्मान और संकट के समय एकजुट होकर खड़े होने की क्षमता। यदि सामाजिक ताने-बाने में अविश्वास गहरा जाए, संवाद की जगह कटुता ले ले और राजनीतिक अथवा वैचारिक मतभेद शत्रुता में बदल जाएं, तो बाहरी चुनौतियों से अधिक गंभीर संकट भीतर पैदा होने लगता है। भारत के पड़ोस में पाकिस्तान की ओर से लंबे समय से चली आ रही सुरक्षा चुनौतियां, आतंकवाद और क्षेत्रीय अस्थिरता की आशंकाएं हमारी सतर्कता की मांग करती हैं। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में अमेरिका सहित विभिन्न शक्तियों के साथ भारत के संबंधों में सहयोग और प्रतिस्पर्धा, दोनों के आयाम मौजूद हैं। इसलिए किसी भी देश की नीतियों का आकलन भावनाओं के बजाय तथ्यों, राष्ट्रीय हितों और कूटनीतिक विवेक के आधार पर किया जाना चाहिए। यह मान लेना उचित नहीं होगा कि प्रत्येक विदेशी शक्ति भारत को कमजोर करने के उद्देश्य से ही काम कर रही है, लेकिन यह समझना भी आवश्यक है कि वैश्विक राजनीति में हर देश अपने हितों को प्राथमिकता देता है। ऐसे समय में भारत की सबसे बड़ी सुरक्षा केवल सीमाओं पर तैनात सैनिकों के हाथों में नहीं, बल्कि देश के भीतर नागरिकों के बीच कायम विश्वास में भी निहित है। कोई भी बाहरी शक्ति तभी हमारी आंतरिक कमजोरियों का लाभ उठा सकती है, जब हम स्वयं अपने मतभेदों को इतना गहरा कर लें कि एक-दूसरे को प्रतिद्वंद्वी नहीं, शत्रु समझने लगें। इसलिए राष्ट्रीय एकता केवल भावनात्मक नारा नहीं, बल्कि रणनीतिक आवश्यकता भी है। देश की सीमाओं की रक्षा जितनी जरूरी है, उतना ही जरूरी है उन सीमाओं के भीतर रहने वाले लोगों के दिलों के बीच विश्वास की दीवारों को मजबूत करना।

बांग्लादेश और फ्रांस में अलग-अलग परिस्थितियों में हुए आंदोलनों तथा सामाजिक-राजनीतिक उथल-पुथल का उल्लेख करते हुए हमें यह समझना चाहिए कि किसी भी देश में असंतोष को अनदेखा करना और असंतोष को हिंसा में बदलने देना-दोनों ही स्थितियां नुकसानदेह हो सकती हैं। जनता की वास्तविक समस्याओं को सुनना लोकतंत्र की जिम्मेदारी है, जबकि विरोध के नाम पर हिंसा, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान और समाज में घृणा फैलाना किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता। भारत जैसे विशाल और बहुलतावादी लोकतंत्र में मतभेद स्वाभाविक हैं। बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, शिक्षा, सामाजिक न्याय और प्रशासनिक जवाबदेही जैसे विषयों पर नागरिकों को प्रश्न उठाने और शांतिपूर्ण विरोध करने का पूरा अधिकार है। सरकारों का दायित्व है कि वे इन आवाजों को गंभीरता से सुनें और समाधान की दिशा में काम करें। वहीं नागरिकों और राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी है कि वे जनभावनाओं का उपयोग समाज को बांटने के बजाय सकारात्मक परिवर्तन के लिए करें। लोकतंत्र में असहमति देशविरोध नहीं होती और सत्ता से प्रश्न करना राष्ट्र के प्रति अविश्वास का प्रमाण नहीं है। राष्ट्रहित की वास्तविक कसौटी यह है कि हम अपनी असहमति के बावजूद संवैधानिक मर्यादाओं और सामाजिक सद्भाव को बनाए रखें।

आज राष्ट्रीय एकता के सामने एक नई चुनौती डिजिटल माध्यमों के अनियंत्रित और गैर-जिम्मेदाराना उपयोग से उत्पन्न हो रही है। सोशल मीडिया ने सामान्य नागरिक को अपनी बात कहने का मंच दिया है, लेकिन इसी माध्यम से झूठी खबरें, भ्रामक वीडियो, कृत्रिम बुद्धिमत्ता से तैयार की गई नकली सामग्री और आधे-अधूरे तथ्यों को भी तेजी से फैलाया जा सकता है। ऐसी सामग्री लोगों के मन में भय, आक्रोश और अविश्वास पैदा करके सामाजिक संबंधों को नुकसान पहुंचा सकती है। सबसे चिंताजनक स्थिति तब बनती है, जब किसी धर्म, जाति, भाषा अथवा समुदाय के बारे में एकतरफा सामग्री फैलाकर पूरे समाज को संदेह की दृष्टि से देखने के लिए उकसाया जाता है। एक झूठा संदेश वर्षों से बने आपसी विश्वास को क्षणभर में चोट पहुंचा सकता है। इसलिए आज डिजिटल साक्षरता के साथ-साथ नैतिक विवेक की भी आवश्यकता है। किसी संदेश को आगे बढ़ाने से पहले उसकी सत्यता जांचना, उत्तेजक सामग्री से बचना और असत्य फैलाने वालों का विरोध करना भी राष्ट्रसेवा का आधुनिक स्वरूप है। तकनीक तभी वरदान बन सकती है, जब उसके साथ जिम्मेदारी और मानवीय संवेदना जुड़ी हो। भारत की एकता का अर्थ यह नहीं कि सभी नागरिक एक जैसा सोचें, एक जैसी पूजा-पद्धति अपनाएं अथवा सभी राजनीतिक प्रश्नों पर एकमत हों। एकता का वास्तविक अर्थ है कि अलग-अलग विचारों के बावजूद हम एक-दूसरे के सम्मान, अधिकारों और अस्तित्व को स्वीकार करें।

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर रियायत की गुंजाइश खत्म



भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से जारी व्यापार वार्ताएं एक ऐसे अनिश्चित मोड़ पर पहुंच गई हैं जहां दोनों ही देश और अधिक रियायत देने की स्थिति में नहीं हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस स्थिति का सटीक और यथार्थवादी आकलन पेश किया है, जो पूर्व के अति-उत्साही बयानों के मुकाबले जमीनी हकीकत को बेहतर ढंग से दर्शाता है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर का बयान भी इस बात की पुष्टि करता है कि मतभेदों के मुद्दों की पहचान तो कर ली गई है, लेकिन किसी अंतिम समझौते की संभावना निकट भविष्य में नहीं दिखती। विकास के दो अलग-अलग स्तरों वाली विशाल अर्थव्यवस्थाओं के बीच किसी सर्वसम्मति पर पहुंचना स्वाभाविक रूप से समय लेने वाली प्रक्रिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की व्यापार नीति मुख्य रूप से विभिन्न देशों के साथ अमेरिका के व्यापार घाटे को अनुचित व्यवहार का परिणाम मानने पर केंद्रित रही है। अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पिछले जवाबी शुल्कों को निरस्त करने के बाद अमेरिकी प्रशासन ने व्यापार अधिनियम 1974 की धारा 301 के तहत नई जांच शुरू की और आपूर्ति श्रृंखलाओं में बंधुआ मजदूरी की आड़ में भारत सहित अन्य देशों से होने वाले आयात पर 10 फीसदी शुल्क लगा दिया। इसके अलावा औद्योगिक क्षमताओं के असंतुलन से जुड़ी एक अन्य जांच भी जारी है, जिसका संभावित उद्देश्य शुल्क दरों को पुनः उच्च स्तर पर पहुंचाना है।

यद्यपि किसी नए समझौते से भारत को इन शुल्कों के विरुद्ध सुरक्षा मिल सकती थी, लेकिन अमेरिका का प्राथमिक लक्ष्य भारत के साथ अपने लगभग 34 अरब डॉलर के व्यापार अधिशेष को कम करना ही दिखाई देता है। भारत के लिए अमेरिका की इन मांगों को स्वीकार करना बेहद जटिल है क्योंकि भारत पहले से ही वैश्विक स्तर पर चालू खाते के घाटे का सामना कर रहा है। यद्यपि विश्व के अन्य देशों के साथ भारत का व्यापार घाटा है, अमेरिका के साथ वह व्यापार अधिशेष की स्थिति में है। अमेरिका के साथ इस अधिशेष को कम करने का अर्थ होगा कि भारत को अपने अन्य व्यापारिक साझेदारों से होने वाले आयात को घटाकर अमेरिकी आयात को प्राथमिकता देनी होगी। यह कदम न केवल आर्थिक दक्षता के सिद्धांतों के विपरीत होगा, बल्कि अमेरिका के पास भारत की सभी आवश्यकताओं की आपूर्ति करने की क्षमता भी नहीं है। संरक्षणवादी नीतियों के बावजूद वर्ष 2025 में अमेरिका का कुल वस्तु व्यापार घाटा 1.2 लाख करोड़ डॉलर के पार पहुंच गया, जो यह स्पष्ट करता है कि व्यापार घाटे को केवल शुल्कों के बल पर नियंत्रित नहीं किया जा सकता। व्यापारिक मतभेदों के अलावा भू-राजनीतिक दबाव भी इस रिश्ते को प्रभावित कर रहे हैं। अमेरिकी कांग्रेस द्वारा रूस से ईंधन खरीदने वाले देशों पर अतिरिक्त शुल्क लगाने के अधिकार के तहत पूर्व में भारत पर भी दबाव बनाया गया था, जिससे भविष्य में बचा जाना अनिवार्य है। भारत और अमेरिका के संबंध केवल व्यापार तक सीमित न होकर रणनीतिक और प्रौद्योगिकी के स्तर पर अत्यंत व्यापक हैं। हालांकि वर्तमान अमेरिकी प्रशासन का रुख काफी हद तक लेनदेन-आधारित नजर आता है, भारत को अपने अल्पकालिक और दीर्घकालिक राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देनी होगी। भारत को कृषि और लघु उद्योगों जैसे संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा करते हुए यूरोपीय संघ और अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के साथ मुक्त व्यापार समझौतों के माध्यम से अपने विकल्पों का विविधीकरण करना चाहिए, ताकि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाए रखा जा सके।

समय के साथ परिपक्व होती चुनावी व्यवस्था




मुख्य चुनाव आयुक्त और बाकी चुनाव आयुक्तों के बीच खींचतान का मसला मानी था या बेमानी, चर्चा का विषय हो सकता है, लेकिन बंद कमरों में चर्चा कैसे सार्वजनिक हो जाती है, आश्चर्य का विषय है। खबरों के पीछे की खबरों का सच किसी को तब तक पता नहीं होता है जब तक उसमें शामिल लोग उसे जाहिर नहीं करते। देश भर में चर्चा और बहस का मुद्दा बना चुनाव आयोग, उसकी कार्यशैली पर उठते सवाल ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग तक पहुंच गए। उत्तर इतना आसान नहीं है तो इतना दुरुह भी नहीं कि उसका समाधान नहीं निकल सके। इन सवालों के जवाब की इतनी परतें हैं कि उन्हें सुलझा पाना बहुत आसान नहीं है। उलझे धागे को सुलझाने के लिए बहुत सब्र की जरूरत होती है। लोकतंत्र में चुनाव की पवित्रता सबसे महत्वपूर्ण बात होती है और यह पवित्रता दिखाई देती है तो दिखनी भी चाहिए। ऐसा कोई भी कदम जो पारदर्शिता को बाधित करे, उसे लोकतंत्र को क्षति पहुंचाने की तरह माना जाता है। विपक्ष ने भी इस मामले को जिस तरीके से उठाया और सड़क तक बवाल मचाया, उससे भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं। वोट चोरी का दावा करने वाले लोग भी इली व्यवस्था के हिस्से हैं। वे भी चुनाव प्रक्रिया के इसी रास्ते से होकर संविधान की शपथ लेते हैं। जनप्रतिनिधि बनते है। इसलिए जीत के लिए तो चुनाव आयोग ठीक, नहीं तो बिकाऊ जैसे आरोपों से जूझता नजर आता है। चुनाव आयुक्त का पद संवैधानिक होता है और उस पद की गरिमा होती है। जनप्रतिनिधियों को संविधान की शपथ लेने का रास्ता भी चुनावी प्रक्रिया का हिस्सा बनते हुए ही होती है। लिहाजा उसका समर्थन या विरोध, दुधारी तलवार तो नहीं हो सकती। मीठा मीठा गप गप और कड़वा कड़वा थूं थूं।

संवैधानिक लोकतांत्रिक व्यवस्था में तो ऐसा नहीं चल सकता। लेकिन राजनीति में ऐसा सब चलता है। यहां सजने वाली चौपाल में इन सब बातों पर चर्चा होती है, बहस होती है, विरोध होता है, और चाय की चुस्कियों और समोसों के साथ धरना, विरोध और प्रदर्शन भी होता है। गुजरे जमाने के लोग टीएन शेषन को इसलिए याद करते हैं, क्यूकि वे अपने दौर के पहले ऐसा मुख्य चुनाव आयुक्त माने जाते हैं जिन्होंने न केवल इस पद की पहचान दिलाई वरन चुनाव सुधार प्रक्रिया के अलमबरदार माने गए। इनका प्रभाव आज की चुनावी व्यवस्था पर दिखाई देती है और समय समय पर व्यवस्थाओं में विसंगतियों को दूर करने का आधार बना। किसी पद की गरिमा का और हैसियत का अंदाजा तभी लगता है जब उस पद पर आसीन व्यक्ति खुद को उसके लिए समर्पित कर देता है। ज्ञानेश कुमार ने भी उसी मर्यादाओं और परंपराओं का निर्वहन करते हुए और अपनी जिम्मेदारियों का अहसास करते हुए अपने पद के प्रति समर्पण का भाव रखा। बिहार और पश्चिमी बंगाल का चुनाव इसका उदाहरण है। जिन राज्यों में बूथ लूटना, हिंसा होना और आपराधिक तत्वों द्वारा वोट चोरी चुनावी राजनीति का पर्याय बन चुकी थी, वहां स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से चुनाव संपन्न होना इस बात का सबूत है कि भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था परिपक्व हो चुकी है, जिसकी तारीफ दुनिया भर के देश कर रहे हैं।

प्रगति के लिए शांतिः एससीओ, क्षेत्रीय सहयोग और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई

शंघाई सहयोग संगठन की हालिया बैठकों ने एक बार फिर इस बहुपक्षीय मंच के भीतर मौजूद गहरे विरोधाभासों और रणनीतिक प्राथमिकताओं के अंतर को उजागर कर दिया है। ताजिकिस्तान की राजधानी दुशांबे में आयोजित एससीओ के सदस्य देशों के शासनाध्यक्षों की परिषद की बैठक में भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का संबोधन कूटनीतिक और रणनीतिक दोनों दृष्टिकोणों से अत्यधिक महत्वपूर्ण रहा। वर्ष 2025 में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद यह एक ऐसा मील का पत्थर अवसर था, जब भारत ने बहुपक्षीय कूटनीतिक मंच का उपयोग सीमा-पार आतंकवाद और उसके वैश्विक तंत्र को स्पष्ट रूप से बेनकाब करने के लिए किया। पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार की प्रत्यक्ष मौजूदगी में रक्षा मंत्री का यह स्पष्ट कथन कि यदि सदस्य देश आतंकवाद के प्रति चुनिंदा रुख अपनाएंगे तो क्षेत्रीय सहयोग कभी सार्थक नहीं हो सकता, भारत की दृढ़ नीतिगत स्थिति को प्रदर्शित करता है। यह वक्तव्य केवल एक राजनीतिक बयानबाजी नहीं है, बल्कि यह एससीओ जैसे बहुआयामी संगठन के समक्ष मौजूद उन बुनियादी चुनौतियों को रेखांकित करता है, जहाँ सदस्य देशों के रणनीतिक हित, राष्ट्रीय सुरक्षा प्राथमिकताएँ और भू-राजनीतिक दृष्टिकोण एक-दूसरे से पूरी तरह भिन्न हैं। भारत ने हमेशा से वैश्विक और क्षेत्रीय मंचों पर इस विचार का पुरजोर समर्थन किया है कि सुरक्षा, शांति और आर्थिक प्रगति को एक-दूसरे से अलग करके नहीं देखा जा सकता। जब तक क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा का एक स्थिर माहौल निर्मित नहीं होता, तब तक आर्थिक एकीकरण, व्यापारिक सुगमता और सतत विकास के उच्च आदर्शों को प्राप्त करना असंभव है। संघाई सहयोग संगठन के मंच से भारत ने सभी सदस्य देशों से 'आतंकवाद के इकोसिस्टम' को पूरी तरह से ध्वस्त करने का आह्वान किया। भारत का मानना है कि आतंकवाद केवल एक तात्कालिक या पृथक सुरक्षा चुनौती नहीं है, बल्कि यह संपूर्ण क्षेत्रीय विकास के मार्ग में सबसे बड़ा बाधक है। इसलिए, जब तक इसके वित्तपोषण, सुरक्षित ठिकानों, भर्ती नेटवर्क और विचारधारात्मक समर्थन प्रणाली पर प्रहार नहीं किया जाएगा, तब तक क्षेत्रीय स्थिरता एक सपना ही बनी रहेगी। भारत का यह कड़ा रुख अकारण नहीं है। वर्ष 2025 में चीन के चिंगदाओ में आयोजित एससीओ सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भारत ने संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया था। नई दिल्ली का यह कदम एससीओ की विश्वसनीयता और निष्पक्षता को बचाने के लिए उठाया गया एक कूटनीतिक प्रतिरोध था। उस समय प्रस्तावित संयुक्त वक्तव्य के मसौदे में पाकिस्तान के बलूचिस्तान क्षेत्र में उग्रवादी गतिविधियों का विशेष उल्लेख तो किया गया था, लेकिन वर्ष 2025 के दुखद पहलगाम हमले सहित सीमा पार से प्रायोजित आतंकवाद को पूरी तरह से अनदेखा कर दिया गया था। भारत ने स्पष्ट रूप से दर्ज कराया कि आतंकवाद के प्रति दोहरा मापदंड अपनाना इस संगठन की मूल भावना के खिलाफ है। यदि यह संगठन अपने ही सदस्यों की मुख्य सुरक्षा चिंताओं को नजरअंदाज करेगा, तो इसकी वैश्विक साख और प्रासंगिकता समाप्त हो जाएगी। रणनीतिक टकराव का केंद्र बनने के बजाय, एससीओ में मध्य एशिया और दक्षिण एशिया के बीच व्यापार, ऊर्जा हस्तांतरण और जन-सामान्य के बीच जुड़ाव को बढ़ाने की व्यापक क्षमता है। हालांकि, आर्थिक सहयोग केवल कागजी समझौतों से संभव नहीं होता; इसके लिए धरातल पर अनुकूल परिस्थितियां आवश्यक हैं। भारत का नीतिगत रुख यह कभी नहीं रहा कि जब तक सीमा विवाद या सुरक्षा संबंधी मुद्दे पूरी तरह से न सुलझ जाएं, तब तक व्यापार, संस्कृति, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को रोक दिया जाए। लेकिन वास्तविकता यह है कि सुरक्षा के वातावरण के बिना कोई भी बड़ा आर्थिक ढांचा खड़ा नहीं किया जा सकता।

संकट कभी अचानक नहीं आते...



आचार्य चाणक्य एक महान विचारक, अर्थशास्त्री और राजनीतिज्ञ थे। चाणक्य नीति में चाणक्य बताते हैं कि संकट कभी भी बिना किसी पूर्व सूचना के नहीं आते। बल्कि, उनसे पहले कुछ स्पष्ट संकेत मिलते हैं। उन्होंने चाणक्य नीति में जो बातें बताई हैं, वे आज भी प्रासंगिक हैं और लोगों के मार्गदर्शन का काम करती हैं। एक सूत्र में वे बताते हैं कि जब किसी व्यक्ति पर कोई बड़ा संकट आता है, तो वह अचानक नहीं आता। बल्कि, उससे पहले कुछ खास संकेत मिलते हैं। उनके अनुसार इन संकेतों को पहचानना बहुत जरूरी है, क्योंकि ऐसा करने से संकट के पूरी तरह आने से पहले ही बचाव के उपाय कर सकते हैं। वे यह भी कहते हैं कि जीवन अनिश्चित है, इसलिए हमेशा सतर्क रहना चाहिए। इसके अलावा, मुश्किल समय में कभी भी घबराना नहीं चाहिए। बल्कि, यह याद रखना चाहिए कि यह दौर भी गुजर जाएगा। निराश होने के बजाय, अपने प्रयासों को दोगुना कर देना चाहिए। चूंकि संकट बिना किसी चेतावनी के नहीं आते, इसलिए उनसे पहले मिलने वाले स्पष्ट संकेतों पर ध्यान देना जरूरी है। चाणक्य का मानना है कि कभी-कभार असहमति होना सामान्य बात है। लेकिन, अगर किसी के साथ आपका लगातार विवाद चल रहा है, तो यह एक खतरे की घंटी हो सकती है। आपको समय रहते सावधान हो जाना चाहिए, क्योंकि इस तरह का लगातार टकराव अक्सर किसी बड़े संकट का संकेत होता है। इसलिए, चाणक्य सलाह देते हैं कि संकट आने से पहले ही उसका समाधान खोज लेना समझदारी है। चाणक्य का कहना है कि यदि आपको किसी काम में बार-बार असफलता मिल रही है, तो यह किसी बड़े संकट के आने का स्पष्ट संकेत हो सकता है। ऐसी स्थिति में, वे समय रहते सतर्क रहने, अपनी असफलताओं के मूल कारणों को पहचानने और उन कारणों को पूरी तरह से खत्म करने की सलाह देते हैं। इसके साथ ही चाणक्य यह भी बताते हैं कि जब सामान्य परिस्थितियों के बावजूद आपके आस-पास का सामाजिक माहौल बदलने लगे, तो यह किसी बड़े संकट का संकेत हो सकता है। समय रहते सही कदम उठाना बहुत जरूरी है, तभी आप सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

मतदाता सूची से नाम हटाने के आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को जारी किया नोटिस

संचार जगत



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को चुनौती देने वाली याचिका पर भारत निर्वाचन आयोग, केंद्र सरकार, मुख्य निर्वाचन अधिकारी और महाराष्ट्र सरकार को नोटिस जारी किया।

याचिका में मतदाताओं के नाम बड़े पैमाने पर हटाए जाने का आरोप लगाया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने आपत्तियां और दावे दाखिल करने की समय सीमा बढ़ाने या अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन को रोकने के संबंध में तत्काल राहत देने से इनकार कर दिया। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और वी. मोहना की पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 5 नवंबर को तय की। अरुण आनंदगिरि ने याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने मतदाता सूची के मसौदे से नाम हटाए जाने और अपना नाम दोबारा दर्ज कराने के लिए निर्धारित प्रक्रिया पर सवाल उठाया था। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अरविंद पी. दातार ने बताया कि महाराष्ट्र के लगभग नौ करोड़ मतदाताओं में से लगभग 33 प्रतिशत यानी लगभग तीन करोड़ लोगों के नाम, मतदाता सूची के मसौदे के प्रकाशन के बाद मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि 1.22 करोड़ मतदाताओं के नाम तार्किक विसंगति के आधार पर हटाए गए हैं।

हर मतदाता करें अपने मताधिकार का प्रयोग : राजेश्वर सिंह

संचार जगत



सीकर। राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह की उपस्थिति में जिले के नेछवा स्थित सनराइज स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में स्कूली विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों और आमजन ने भाग लिया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग करने तथा अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने एक पेड़ लोकतंत्र के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों ने मानव शृंखला बनाकर, विभिन्न कलाकृतियों के माध्यम से तथा हाथों में मतदान संबंधी संदेश लिखी तख्तियां लेकर आमजन को जागरूक किया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और मतदाता जागरूकता गीतों के माध्यम से मतदान का महत्व समझाया। इस अवसर पर राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने उपस्थित लोगों को मतदाता शपथ दिलाई तथा सभी से लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने की अपील की। इसके बाद उन्होंने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शामिल विद्यार्थियों ने विभिन्न नारों और स्लोगन के माध्यम से क्षेत्रवासियों को अधिकाधिक मतदान करने का संदेश दिया।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर बिल्हौर और बिठूर को मिली विकास की सौगात

संचार जगत



कानपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महर्षि वाल्मीकि जयंती पर बिठूर में आयोजित कार्यक्रम बिल्हौर और बिठूर विधानसभा क्षेत्रों की 411 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली 48 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें 29 परियोजनाओं का लोकार्पण और 19 का शिलान्यास शामिल है। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र भी वितरित किए। इससे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महर्षि वाल्मीकि आश्रम में पूजा-अर्चना और रामायण पाठ किया। बाद में आयोजित समारोह में उन्होंने राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि देश में दो मियां हैं, एक बड़े मियां और दूसरे छोटे मियां। दोनों को बांग्लादेशी और पाकिस्तानी घुसपैठियों से प्यार है, लेकिन दलितों, वंचितों, गरीबों, किसानों और युवाओं के अधिकारों की चिंता नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि घुसपैठियों को राशन कार्ड और सरकारी सुविधाएं दिलाकर गरीबों के हक पर डाका डालने की कोशिश की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी ने सपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इन दलों को सबक सिखाने का समय आने वाला है। मुख्यमंत्री योगी ने अखिलेश यादव के बयान का उल्लेख करते हुए कहा कि विपक्ष को बताना चाहिए कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से प्रताड़ित होकर आए पात्र हिंदू, बौद्ध, जैन और सिख समुदायों के लोगों को नागरिकता देने की व्यवस्था का विरोध क्यों किया गया। उन्होंने कहा कि नागरिकता संशोधन कानून का विरोध करने वाले दलों को गरीबों और वंचितों के अधिकारों पर भी अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बिठूर महर्षि वाल्मीकि की साधना और रामायण की रचना से जुड़ी भूमि है।

कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर डीएमके महिला विंग करेगी प्रदर्शन

संचार जगत

चेन्नई। डीएमके की महिला विंग 31 अक्टूबर को राज्यभर में प्रदर्शन करेगी। पार्टी अध्यक्ष एमके स्टालिन ने राज्य में बिगड़ती कानून-व्यवस्था का आरोप लगाते हुए हाल की हत्या और लापता बच्चों के मामलों को लेकर टीवीके सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। प्रदर्शन की घोषणा करते हुए स्टालिन ने आरोप लगाया कि सरकार अपराधियों में कानून का डर पैदा करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि अपराधी पहले से अधिक बेखौफ होकर काम कर रहे हैं और मुख्यमंत्री विजय की चुप्पी पर सवाल उठाया। स्टालिन के अनुसार, हाल की घटनाओं ने पूरे राज्य में लोगों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। डीएमके अध्यक्ष ने सेलम, मदुरै और जिंजी की तीन घटनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि टीवीके शासन में अपराधी ऐसे अपराध कर रहे हैं, मानो उन्हें खुली छूट दे दी गई हो।

तकनीक के लिए मानवता की सेवा के मूल में करुणा जरूरी : उपराष्ट्रपति



विजयवाड़ा। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी गंभीर चुनौतियों से निपटने के लिए चिकित्सा अनुसंधान और नवाचार में अधिक निवेश का आह्वान किया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवा को बदलने में उभरती प्रौद्योगिकियों की भूमिका पर भी जोर दिया। यहां डॉ. एनटीआर यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज के रूबी जुबली समारोह को संबोधित करते हुए, उपराष्ट्रपति ने जोर दिया कि तकनीक को मानवता की सेवा करनी चाहिए और स्वास्थ्य सेवा के मूल में करुणा होनी चाहिए। राधाकृष्णन ने डॉक्टरों से नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ लड़ाई में नेतृत्व करने और नशा मुक्त समाज बनाने में मदद करने का भी आग्रह किया।

थार की पूजा में हुआ चोरी का खुलासा

कोल्हापुर। महाराष्ट्र के कोल्हापुर से चोरी का एक अनोखा मामला सामने आया जिसमें भतीजे ने अपने ही चाचा के घर गहनों की चोरी कर ली और उसे बेच कर थार खरीदी। भतीजे ने चोरी के पैसों से खरीदी महिंद्रा थार की पूजा में चाचा को न्योता दिया। मामला पन्हाला तहसील के सातवे गांव में 19 वर्षीय समर पोपट चव्हाण पर अपने ही चचेरे चाचा के घर से 15 तोले सोने के जेवर चोरी करने का आरोप है। बताया जा रहा है कि समर ने कथित तौर पर ये गहने गांव के सुनार संग्राम बाबासो मोरे को 10 लाख रुपये में बेच दिए और उन्हीं पैसों से नई महिंद्रा थार खरीद ली। समर ने अपने चाचा को भी पूजा में बुलाया, तभी चाचा को अपनी और पत्नी के जेवर गायब होने का पता चला। शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और पूछताछ में समर ने चोरी की बात कबूल कर ली। कोडोली पुलिस ने आरोपी समर और गहने खरीदने वाले सुनार, दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ अभियान के तहत भाजपा निकलेगी पदयात्रा



संचार जगत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में विपक्ष के खिलाफ राजनीतिक मोर्चेबंदी तेज करते हुए भारतीय जनता पार्टी 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' अभियान चलाएगी। इसके तहत प्रदेश के सभी छह क्षेत्रों में पदयात्राएं निकालकर विपक्ष के विरोध प्रदर्शनों, संवैधानिक मूल्यों और चुनावी प्रक्रिया को लेकर उठाए जा रहे सवालों के जवाब जनता के बीच रखे जाएंगे। भाजपा प्रदेश महामंत्री धर्मपाल सिंह ने सोमवार को प्रदेश पार्टी मुख्यालय में अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए यह जानकारी दी। धर्मपाल सिंह ने कहा कि भाजपा इस अभियान के जरिए विपक्ष के आधारहीन विरोध प्रदर्शनों का जवाब देगी। पार्टी जनता के बीच पहुंचकर विपक्ष के कथित राजनीतिक एजेंडे और दोहरे मानदंडों को उजागर करेगी।

कंटिन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन कार्यक्रम शुरु




संचार जगत

जोधपुर। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद में छह दिवसीय सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। 31 अक्टूबर तक आयोजित इन कार्यक्रमों का संचालन द्रव्यगुण विभाग एवं शल्यतंत्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। कार्यक्रमों का उद्देश्य आयुर्वेद के पारंपरिक ज्ञान, आधुनिक चिकित्सा तकनीकों तथा नवीन अनुसंधान के बीच समन्वय स्थापित करना और शिक्षकों एवं चिकित्सकों के व्यावसायिक कौशल को विकसित करना है। कार्यक्रमों के लिए विभिन्न राज्यों से 30-30 प्रतिभागियों का चयन किया गया है। कर्नाटक, ओडिशा, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं बिहार सहित विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों को विषय विशेषज्ञों के अनुभवों से सीखने तथा अपने ज्ञान एवं व्यावहारिक कौशल को विकसित करने का अवसर मिल रहा है।

योगी आदित्यनाथ ने जनता की समस्याएं सुनीं

संचार जगत



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर आयोजित जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगों की शिकायतों और समस्याओं को सुना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए पीड़ितों को समयबद्ध तरीके से राहत उपलब्ध कराई जाए। साथ ही, जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से जन शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया को संवेदनशील और जवाबदेह बनाने की अपेक्षा की। जनता दर्शन का उद्देश्य आम लोगों को अपनी समस्याएं सीधे सरकार तक पहुंचाने का अवसर देना और उनके समाधान के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना है।

यमुना में क्रूज का हुआ रन ट्रायल



संचार जगत

नई दिल्ली। नई दिल्ली में यमुना नदी पर क्रूज की सैर का आनंद लेने की तैयारी पूरी हो रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोनिया विहार से यमुना पर चलने वाली नमो यमुना रिवर सफारी के ट्रायल रन का शुभारंभ किया और खुद क्रूज में सफर कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। यह क्रूज सोनिया विहार से जगतपुर के बीच करीब 4 से 5 किलोमीटर के रूट पर चलेगा। एक ट्रिप में लगभग 40 मिनट का समय लगेगा और इसमें अधिकतम 30 यात्री सफर कर सकेंगे। टिकट की प्रस्तावित कीमत 500 रुपये प्रति व्यक्ति बताई गई है। इस पहल का मकसद दिल्ली में पर्यटन को बढ़ावा देना और यमुना के किनारे एक नया पिकनिक स्पॉट विकसित करना है। क्रूज में यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए भी विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि सरकार की कोशिश छठ महापर्व से पहले इस सेवा का औपचारिक उद्घाटन करने की है।

पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव की तैयारियों शुरु



संचार जगत

जोधपुर। पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव की साधारण सभा की बैठक मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में जिला कलक्टर आलोक रंजन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में उत्सव की तैयारियों, विभिन्न विभागों के दायित्वों एवं उनके क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। उत्सव का आयोजन जिला प्रशासन, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, जोधपुर, उद्यम प्रोत्साहन संस्थान तथा नोडल एजेंसी लघु उद्योग भारती के संयुक्त तत्वावधान में 2 जनवरी से 12 जनवरी, 2027 तक किया जाएगा। बैठक में उत्सव स्थल एवं आयोजन अवधि, थीम, आधारभूत संरचना, स्टॉल दरों के निर्धारण तथा निविदा प्रक्रिया तय करने से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही निःशुल्क आवंटन एवं विशेष एक्सक्लूसिव स्टॉल्स से जुड़े बिंदुओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। उत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं पार्किंग, अग्निशमन तथा सफाई व्यवस्था से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त विद्युत, ब्रॉडबैंड एवं चिकित्सा व्यवस्था के संबंध में भी विचार-विमर्श हुआ।


मुंबई की बढ़ती जरूरतों के लिए व्यापक जल योजना तैयार

संचार जगत



मुंबई। मुंबई महानगर क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक जल स्थिरता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महाराष्ट्र सरकार ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। सरकार ने मुंबई महानगर क्षेत्र के लिए एक 25 वर्षीय जल प्रबंधन योजना का मसौदा तैयार करने के लिए एक उच्च स्तरीय अध्ययन समूह का गठन किया है। विशेषज्ञ पैनल को भविष्य की मांग का मूल्यांकन करने, उपलब्ध संसाधनों का आकलन करने, संरचनात्मक कमियों की पहचान करने और तीन महीने के भीतर एक व्यावहारिक रूपरेखा प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया है। प्रमुख नगर निगमों, औद्योगिक क्षेत्रों और तेजी से विकसित हो रहे अर्ध-शहरी केंद्रों से युक्त मुंबई महानगर क्षेत्र जनसंख्या वृद्धि, वाणिज्यिक विस्तार और बड़ी परियोजनाओं के कारण बढ़ती जल मांग का सामना कर रहा है। वर्तमान में यह क्षेत्र राज्य के बांधों और नगर निगमों के जल स्रोतों के मिश्रित नेटवर्क पर निर्भर है, लेकिन सरकार ने इस बात पर जोर दिया है कि खंडित प्रबंधन अब व्यवहार्य नहीं है।

बिना लाइसेंस पटाखे बेचने पर पुलिस ने की कार्रवाई



संचार जगत

अरावली। दिवाली से पहले गुजरात के अरावली जिले में पुलिस ने बिना लाइसेंस पटाखों का भंडारण करने के आरोप में दो दुकानों से 2.68 लाख रुपए मूल्य के पटाखे जब्त किए हैं। अरावली जिला पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने धंसुरा क्षेत्र में यह कार्रवाई की। पुलिस ने दोनों दुकानदारों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह अभियान अरावली-मोडासा एसओजी के पुलिस निरीक्षक पी. बी. चौधरी की निगरानी में चलाया गया। पुलिस ने दोनों दुकानों में सुरक्षा संबंधी खामियां भी पाई हैं।

वोट बचाओ, देश बचाओ रैली के लिए कांग्रेस ने झोंकी ताकत

संचार जगत

अजमेर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आह्वान पर 1 नवंबर को दिल्ली में होने जा रही 'वोट बचाओ देश बचाओ' महारैली में शामिल होने के लिए अजमेर कांग्रेस ने बड़े पैमाने पर तैयारी शुरू कर दी है। शहर में उत्तर और दक्षिण विधानसभा क्षेत्रों में अलग-अलग गुटों ने अपनी-अपनी बैठकें कर रणनीति तय की है। राठौड़ गुट ने 2000 का टारगेट रखा अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र की तैयारी बैठक आरटीडीसी के पूर्व अध्यक्ष और आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अपनी जाजम बिछा रहे धर्मेन्द्र सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में हुई। बैठक में तय किया गया कि अजमेर से करीब 2000 कार्यकर्ता रैली में शामिल होने जाएंगे। कार्यकर्ताओं के लिए बसें कहां से और कैसे जुटाई जाएंगी, वाहनों की व्यवस्था और वार्ड वाइज कार्यकर्ताओं की सूची को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं दूसरी ओर अजमेर उत्तर से ही चुनाव लड़ चुके पीसीसी सदस्य महेन्द्र सिंह रलावता की अध्यक्षता में अजमेर उत्तर के ही कार्यकर्ताओं की एक और बैठक कांग्रेस कार्यालय पर हुई। बैठक में रलावता ने कहा कि जनता के वोट पर डाका डालने और मतदाता सूचियों से नाम काटने की साजिश का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस रैली के लिए अजमेर उत्तर से सैकड़ों कांग्रेसजन दिल्ली कूच करेंगे और रामलीला मैदान से सत्ता के अहंकार को लोकतंत्र की ताकत का एहसास कराएंगे।

लिकटेंस्टीन के युवराज नई दिल्ली पहुंचे



संचार जगत

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर लिकटेंस्टीन के युवराज प्रिंस एलॉइस भारत की अपनी आधिकारिक यात्रा के तहत नई दिल्ली पहुंचे। हवाई अड्डे पर केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत सिंह ने उनका स्वागत किया। इस यात्रा का उद्देश्य भारत और लिकटेंस्टीन के बीच रिश्तों को और मजबूत करना है। उनके साथ उनकी पत्नी प्रिंसेस सोफिया और वरिष्ठ अधिकारियों तथा उद्योग जगत के नेताओं का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी भारत आया है। विदेश मंत्रालय ने मुंबई पहुंचने पर उनका स्वागत करते हुए कहा कि भारत और लिकटेंस्टीन के बीच संबंध साझा मूल्यों और आपसी सम्मान पर आधारित हैं। यह वर्ष 2026 में प्रिंस एलॉइस की भारत की दूसरी यात्रा है। इससे पहले वह फरवरी में नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में भाग लेने आए थे। उन्होंने इससे पहले 2010 और 2018 में भी भारत का दौरा किया था।

स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं को पीले चावल बांटे



संचार जगत

लालसोट । पंचायत राज चुनाव के तहत मतदाता जागरूकता अभियान को गति देने के लिए स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत लालसोट ब्लॉक की लाडपुरा पंचायत में मतदाताओं को पीले चावल बांटकर मतदान के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंचकर मतदाताओं को मतदान के महत्व की जानकारी दी तथा लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। अभियान के तहत घर-घर जाकर पीले चावल बांटे गए और मतदाताओं को मतदान के लिए आमंत्रित करते हुए शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया गया। बाल मनुहार कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को मतदान का महत्व समझाया गया तथा उन्हें अपने अभिभावकों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।

बालश्रम से प्रभावित बच्चों की पहचान के लिए सर्वे कराया जाए : वी. श्रीनिवास

संचार जगत



जयपुर। राज्य में बालश्रम उन्मूलन के संबंध में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सचिवालय में बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन जिलों में बालश्रम के मामले सामने आ रहे हैं, वहां सतत निगरानी रखी जाए तथा नियमित फील्ड विजिट और निरीक्षण के माध्यम से बालश्रम रोकथाम के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। श्रीनिवास ने बालश्रम से मुक्त कराए गए बच्चों के पुनर्वास तक की प्रक्रिया निर्धारित समय में पूरी करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि राजस्थान में पिछले चार वर्षों में करीब 5 हजार बच्चों को बालश्रम से मुक्त कराया गया है। बैठक में श्रम विभाग के शासन सचिव पी. सी. किशन, विशेष मॉनिटर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग धनंजय टिंगल, महिला एवं बाल विकास विभाग की शासन सचिव पूनम, श्रम आयुक्त पूजा पार्थ सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जोधपुर को मिली स्वच्छता और आधुनिक परिवहन की नई सौगात

संचार जगत



जोधपुर। शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और आमजन को आधुनिक एवं पर्यावरण अनुकूल परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में नगर निगम ने पहल की है। नगर निगम की ओर से 185 नवीन डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के अंतर्गत मंडोर से सांगारिया फांटा तक इलेक्ट्रिक बस सेवा का शुभारंभ किया गया। इन दोनों जनहितकारी पहलों से शहर की सफाई व्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ ही सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। नए कचरा संग्रहण वाहनों के संचालन से घर-घर से कचरा उठाने की व्यवस्था अधिक प्रभावी होने और शहर की स्वच्छता में सुधार आने की उम्मीद है। वहीं, इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू होने से यात्रियों को सुविधाजनक परिवहन विकल्प मिलेगा तथा प्रदूषण कम करने के प्रयासों को भी गति मिलेगी। कार्यक्रम में महापौर प्रसन्नचंद मेहता, उपमहापौर विजय सिंह पंवार, शहर विधायक अतुल भंसाली, नगर निगम आयुक्त राहुल जैन सहित पार्षदगण एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्वच्छ, सुंदर और विकसित जोधपुर के संकल्प को साकार करने की दिशा में इन पहलों को महत्वपूर्ण कदम बताया गया।

बिहारी जी मंदिर में बंटी औषधीय खीर



संचार जगत

भरतपुर। शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य में किले में स्थित श्री बिहारी जी मंदिर में औषधीय खीर का वितरण किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में दर्शन करने पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं को अमृत तुल्य औषधीय खीर की प्रसादी वितरित की गई। धार्मिक और आयुर्वेदिक मान्यता के अनुसार, शरद पूर्णिमा की चांदनी में रखी गई इस विशेष खीर के सेवन से स्वास्थ्य लाभ मिलने के साथ-साथ कई असाध्य रोगों में चमत्कारी राहत मिलती है। समिति के अध्यक्ष श्याम सुंदर कटारा ने बताया कि इस बार 2 क्विंटल दूध और दुर्लभ जड़ी-बूटियों से खीर तैयार की गई। चिकित्सकों के अनुसार शरद पूर्णिमा की धवल चांदनी के प्रभाव से इन औषधियों का असर कई गुना बढ़ जाता है, जिससे श्वसन, हृदय और मौसमी बीमारियों में रोगियों को उल्लेखनीय आराम मिलता है।

पिकअप के सीक्रेट चैंबर से 4 करोड़ कैश बरामद



संचार जगत

भिलाई। छत्तीसगढ़ में पुलिस ने एक पिकअप गाड़ी के सीक्रेट चैंबर से करीब 4 करोड़ रुपये का कैश बरामद किया है। नकदी गाड़ी के अंदर इस तरह से छिपाई गई थी कि पहली नजर में किसी को शक तक नहीं होता। लेकिन पुलिस की कार्रवाई में करोड़ों रुपये की इस रकम का खुलासा हो गया। मामला छत्तीसगढ़ के भिलाई-3 चरोदा का है, जहां दुर्ग पुलिस और क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए पिकअप वाहन से करीब 4 करोड़ रुपये नकद जब्त किए हैं। बताया जा रहा है कि यह रकम रायपुर से उत्तर प्रदेश ले जाई जा रही थी। मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में हवाला कनेक्शन की आशंका को लेकर जांच कर रही है।

मदन दिलावर ने कांग्रेस पर लगाया किसानों पर अत्याचार करने का आरोप



संचार जगत

रामगंजमंडी। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कांग्रेस पर किसानों पर अत्याचार करने का आरोप लगाया। चेचट पंचायत समिति के विभिन्न गांव में जनसंपर्क के दौरान उन्होंने आयोजित बैठकों और सभाओं में ग्रामीणों से कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस राज में किसानों से लेवी वसूल की जाती थी। जो बुजुर्ग लोग हैं उन्हें पता है कि किसानों से बाजार मूल्य से आधी कीमत पर जबरन फसल की सरकारी खरीद की जाती थी। किसान अपनी फसल सरकार को देने से मना करता था तो पुलिस घर भेज कर जबरन किसान से फसल खरीद की जाती थी । उन्होंने कहा कि अब सरकार किसान को समर्थन मूल्य घोषित कर बाजार मूल्य से ज्यादा कीमत देकर किसान से फसल की खरीद करती है। ताकि किसान को उसकी मेहनत का आर्थिक लाभ मिल सके। दिलावर ने कहा कि भाजपा सबसे ज्यादा देश के अन्नदाता किसान की चिंता करती है। नरेंद्र मोदी ने देश के इतिहास में पहली बार किसान सम्मान निधि प्रारंभ की। हर दो महीने में 2000 रुपए किसान के खाते में पहुंच जाते है। ऊपर से 1000 रूपय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा देते हैं। उन्होंने कहा कि केवल भाजपा ही किसान का सम्मान करती है। कांग्रेस ने हमेशा किसान का शोषण किया ।

खाद्य सुरक्षा टीम ने कोल्ड स्टोरेज से 920 किलो संदिग्ध काजू सीज किए

संचार जगत



अजमेर। त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए अजमेर में मिलावटखोरों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। टीम ने मंडी स्थित एक कोल्ड स्टोरेज पर छापा मारकर मेड़ता ट्रेडर्स और राजेश ड्राई फ्रूट्स के करीब 920 किलो काजू को सीज कर दिया। सीएमएचओ डॉ. ज्योत्सना रंगा के निर्देशन में चलाए जा रहे शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने यह कार्रवाई की, जिसके दौरान सीज किए गए काजू के दो अलग-अलग सैंपल जांच के लिए लिए गए हैं। इसके अलावा टीम ने बाजार में अन्य प्रतिष्ठानों से रत्नागिरी ब्रांड घी और टमाटर केचप के भी नमूने जुटाए। ।

पंचायत चुनाव की तैयारियां तेज



संचार जगत

दौसा। पंचायत आम चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा ने महवा और बांदीकुई उपखंड क्षेत्र का दौरा कर चुनावी तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने उपखंड कार्यालयों में अधिकारियों के साथ बैठक की तथा विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा ने महवा उपखंड कार्यालय में आयोजित बैठक में चुनाव से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की।

गांजे की अवैध खेती का भंडाफोड़



खेत से 35 किलो के हरे पौधे बरामद

संचार जगत

टोंक। टोंक जिले के घाड़ थाना क्षेत्र के धुंवाकला गांव में पुलिस और डीएसटी ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। जानकारी मिलने पर पुलिस ने जब गांव के एक संदिग्ध ठिकाने पर अचानक दबिश दी, तो वहां खेती के बीच गांजे के पौधे लहराते हुए मिले। पुलिस ने मौके से गैर-कानूनी तरीके से उगाए गए गांजे के कुल 45 हरे पौधे जब्त किए। जिनका कुल वजन करीब 35 किलोग्राम आंका गया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से धुंवाकला निवासी भीम शंकर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब यह पूछताछ कर रही है कि इस अवैध खेती के पीछे और कौन-कौन लोग शामिल हैं तथा यह मादक पदार्थ कहां-कहां सप्लाई किया जाना था।

थाने की खिड़की तोड़कर आंध्रप्रदेश का तस्कर फरार

संचार जगत



धौलपुर। धौलपुर जिले के दिहौली थाने की खिड़की तोड़कर आंध्र प्रदेश का तस्कर फरार हो गया। आरोपी 261 किलोग्राम गांजा तस्करी के मामले में पुलिस रिमांड पर था। सुबह कॉन्स्टेबल मनोज ने देखा तो आरोपी श्रीनिवासन टी लॉकअप में नहीं था। कॉन्स्टेबल ने थानाधिकारी शैतान सिंह को सूचना दी। इसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। जिलेभर में नाकाबंदी करवाई गई, लेकिन आरोपी का सुराग नहीं लगा। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में कांस्टेबल विष्णु और जोगेश को निलंबित कर दिया है। पुलिस ने फरार आरोपी की फोटो पड़ोसी राज्यों को भेजने के साथ ही आंध्र प्रदेश पुलिस से भी संपर्क किया है। 17 अक्टूबर को मनियां थाना पुलिस और यातायात पुलिस ने एनएच-44 पर बगचौली खार मोड़ के पास एक कार की तलाशी के दौरान 11 प्लास्टिक के कट्टों में 261 किलो 110 ग्राम गांजा बरामद किया था। इसकी कीमत करीब एक करोड़ 30 लाख रुपए थी। पुलिस ने आंध्रप्रदेश के नंबर की कार को जब्त कर आंध्र प्रदेश निवासी श्रीनिवासन टी और गेडम अमर चैतन्य आरोपी गांजे की खेप आंध्र प्रदेश के बल्लीगौड़ा से दौसा ले जा रहे थे।

वकीलों का आंदोलन तेज, कलेक्ट्रेट में किया सुंदरकांड का पाठ



संचार जगत

उदयपुर। सवीना थाना क्षेत्र में वकील पर हुए पथराव और जान से मारने की धमकी के मामले में पुलिस की कथित निष्क्रियता को लेकर वकीलों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। रविवार को थाने में हुए तीन घंटे के हंगामे के बाद, सोमवार को वकीलों ने जिला कलेक्ट्रेट परिसर में डेरा डाल दिया। आक्रोशित वकीलों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और पुलिस की सद्बुद्धि के लिए एसपी ऑफिस के ठीक नीचे दरियां बिछाकर सामूहिक सुंदरकांड का पाठ किया। वकील सवीना थानाधिकारी दलबीर सिंह को तत्काल पद से हटाने और लाइन हाजिर करने की मांग पर अडिग हैं। एसपी कार्यालय के नीचे धरने पर बैठे वकीलों के प्रतिनिधिमंडल की जल्द ही उदयपुर रेंज आईजी गौरव श्रीवास्तव से मिलकर पूरे प्रकरण में निष्पक्ष कार्रवाई और थानाधिकारी को हटाने की मांग को लेकर वार्ता होने की संभावना है। वकीलों के उग्र तेवरों को देखते हुए कलेक्ट्रेट परिसर को पुलिस छावनी में बदल दिया गया।

अजमीढ़ महाराज की निकली शोभायात्रा

लालसोट । स्वर्णकार समाज की ओर से अजमीढ़ महाराज की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर शहर में शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। जयंती समारोह में समाज की 20 प्रतिभाओं को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाज की एकजुटता, प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने पर जोर दिया गया।

उर्वरकों के साथ जबरन अन्य उत्पाद बेचने वाले आदान विक्रेताओं पर होगी कार्रवाई

संचार जगत



जयपुर। राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा तथा कृषि आदानों की गुणवत्ता, उचित मूल्य एवं पारदर्शी वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पूरी गंभीरता एवं प्रतिबद्धता से काम कर रही है। प्रदेश में उर्वरकों की कालाबाजारी, अधिक मूल्य वसूली, जबरन टैगिंग तथा अन्य अनियमितताओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए कृषि विभाग द्वारा व्यापक निरीक्षण एवं निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। कृषि विभाग ने निरीक्षण व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं जवाबदेह बनाने के लिए एक विशेष मोबाइल ऐप भी विकसित किया है। इससे निरीक्षण संबंधी सूचनाओं के संकलन, निगरानी एवं समीक्षा में सुविधा होगी। कृषि आयुक्तालय के द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि किसानों को यूरिया, डीएपी अथवा अन्य अनुदानित उर्वरकों के साथ जिंक, सल्फर, कीटनाशक, जैव उर्वरक या अन्य कृषि उत्पाद खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। ऐसी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर केवल खुदरा विक्रेताओं ही नहीं, बल्कि संबंधित थोक विक्रेताओं तथा उर्वरक निर्माता एवं आपूर्तिकर्ता कंपनियों की भूमिका की भी जांच की जाएगी।

पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



लालसोट । दीपावली पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने थाना अधिकारी हरलाल मीणा की अगुवाई में शहर में फ्लैग मार्च किया। पुलिस ने शहर के प्रमुख बाजारों, चौराहों और गली-मोहल्लों में पहुंचकर आमजन से दीपावली का त्योहार शांतिपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ मनाने का आह्वान किया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने लोगों को संदेश दिया कि त्योहार के दौरान आपसी सौहार्द बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर विश्वास नहीं करें।

अस्थमा एक्यूपंक्चर उपचार शिविर आयोजित

संचार जगत



कोटा। रोटरी क्लब कोटा द्वारा अस्थमा , कमर दर्द एवं सर्वाइकल पैन से पीड़ित मरीजों के लिए निःशुल्क एक्यूपंक्चर शिविर का आयोजन किया गया। एक्यूपंक्चर चिकित्सा पद्धति ऐसी विधि है, जिसमें शरीर के विशिष्ट बिंदुओं पर अत्यंत पतली सुइयों का उपयोग किया जाता है। इस पद्धति का उपयोग विशेष रूप से कुछ प्रकार के दर्द, जैसे कमर दर्द एवं गर्दन के दर्द के अस्थमा आदि के उपचार में किया जाता है। शिविर में एक्यूपंक्चर विशेषज्ञ एवं एक्यूपंक्चर साइंस एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनीश गुप्ता ने मरीजों को एक्यूपंक्चर चिकित्सा पद्धति के माध्यम से उपचार संबंधी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में अस्थमा, कमर दर्द एवं सर्वाइकल दर्द से पीड़ित 57 मरीजों ने भाग लेकर एक्यूपंक्चर के माध्यम से उपचार प्राप्त किया। शिविर का उद्देश्य मरीजों को निःशुल्क उपचार संबंधी सुविधा उपलब्ध कराना तथा एक्यूपंक्चर चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

राज्य के सभी थानों पर होगा राष्ट्रीय एकता दिवस परेड का सीधा प्रसारण

संचार जगत



जयपुर। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर को गुजरात के एकता नगर में राष्ट्रीय एकता दिवस परेड आयोजित होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समारोह को संबोधित करेंगे। राजस्थान के सभी पुलिस थानों पर परेड का बिग स्क्रीन पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। प्रदेशवासी पुलिसकर्मियों के साथ बैठकर इस भव्य समारोह को देख सकेंगे। प्रसारण में पुलिसकर्मियों के साथ आम नागरिकों, एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र, स्काउट-गाइड, युवा क्लब, सुरक्षा सखी, सीएलजी सदस्यों और पुलिस मित्रों की भागीदारी रहेगी। पुलिसकर्मियों के परिवार, पुलिस प्रशिक्षु और आरएसी बटालियनों के जवान भी शामिल होंगे। इस पहल का उद्देश्य पुलिस के साहस, कर्तव्यनिष्ठा और देश की सुरक्षा में जवानों के योगदान से आमजन को परिचित कराना तथा पुलिस और नागरिकों के बीच संवाद मजबूत करना है। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देश के सभी पुलिस महानिदेशकों को आयोजन के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद डीजीपी राजस्थान राजीव कुमार शर्मा ने प्रदेश के पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक ली और आयोजन के लिए की जाने वाली व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने और इस आयोजन के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। बैठक दौरान एडीजीपी वीके सिंह, एडीजीपी रूपिंदर सिंघ, एडीजीपी लता मनोज कुमार, एडीजीपी प्रफुल्ल कुमार और एडीजीपी राघवेंद्र सुहासा सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

शिक्षिकाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण शुरू

दौसा। जेंडर एंड इक्विटी गतिविधि के तहत पीएम श्री विद्यालयों की शिक्षिकाओं के लिए सात दिवसीय गैर-आवासीय जिला स्तरीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रामकुण्ड में आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एक नवम्बर संचालित किया जाएगा। प्रशिक्षण में विपरीत परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया, मानसिक सजगता, सुरक्षा संबंधी उपायों और आत्मरक्षा तकनीकों का गहन अभ्यास कराया जा रहा है। इस शिविर में जिले के 17 पीएम श्री विद्यालयों की महिला शिक्षिकाएं एवं शारीरिक शिक्षक भाग ले रहे हैं।

दोहरे शतक से चूके पडिक्कल, भारत ए ने न्यूजीलैंड ए पर कसा शिकंजा

नई दिल्ली/संचार जगत

देवदत्त पडिक्कल सोमवार को भले ही विवादास्पद फैसले से दोहरे शतक से चूक गए लेकिन उनकी 199 रन की शानदार पारी से न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए तीसरे नंबर के बल्लेबाज को लेकर चल रही बहस पर विराम लग गया। इसके साथ ही भारत ए ने शानदार वापसी करके न्यूजीलैंड ए के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट मैच में अपनी स्थिति भी मजबूत कर ली।

भारत ए ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी ने 8 विकेट पर 488 रन बनाए हैं और उसने 284 रन की बढ़त हासिल कर ली है। भारतीय टीम पहली पारी ने 113 रन पर आउट हो गई थी, जिसके जवाब में न्यूजीलैंड ए ने 317 रन बना कर 204 रन की बढ़त हासिल की थी।

अंपायर के निर्णय से पडिक्कल हैरान

पडिक्कल तब दोहरे शतक से चूक गए जब उन्हें मध्यम गति के गेंदबाज जैक गिब्सन की गेंद पर लेग साइड में विकेट के पीछे कैच आउट दिया गया। जब अंपायर ने उंगली उठाई तो पडिक्कल हैरान रह गए और उन्होंने हाव-भाव से यह जताने की कोशिश की कि गेंद उनके बल्ले से नहीं लगी। वे वहीं अवाक खड़े रहे और फिर डगआउट की ओर चले गए। इस मैच में निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) या स्निकोमीटर का उपयोग नहीं किया जा रहा है और इसलिए पडिक्कल के पास वापस जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। पडिक्कल ने अपनी पारी में 248 गेंदों में 23 चौके और 3 छक्के लगाए।

भारत ए ने तीसरे दिन 8 विकेट पर बनाए 488 रन, हासिल की 284 रन की बढ़त

न्यूजीलैंड ए के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट मैच में मजबूत की अपनी स्थिति




टेस्ट में पडिक्कल की तीसरे नंबर पर जगह पक्की

श्रीलंका में लगातार दो टेस्ट शतक लगाने के बाद पडिक्कल ने तीसरे नंबर पर अपनी जगह लगभग पक्की कर ली थी, लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला से पहले टीम प्रबंधन ने फिट हो चुके साई सुदर्शन को भी आजमाना चाहा, जिन्होंने प्रभावशाली 91 रन बनाए। उन्होंने पडिक्कल के साथ तीसरे विकेट के लिए 210 रन की साझेदारी की। सुदर्शन ने अपनी 184 गेंदों की पारी में 12 चौके लगाए, लेकिन दोनों बाएं हाथ के बल्लेबाजों में से पडिक्कल अपने शॉट चयन और पारी को गति देने के तरीके में अधिक बेहतर नजर आए। पडिक्कल ने शॉर्ट बॉल को अच्छी तरह खेला और बाएं हाथ के स्पिनर जेडन लेनोक्स के खिलाफ अपने पैरों का इस्तेमाल किया, जिन्हें उन्होंने अपने तीन छक्कों में से दो छक्के मारे। अपने पहले छक्के से उन्होंने शतक भी पूरा किया।

पडिक्कल और राठौड़ की 142 रन की साझेदारी

पडिक्कल को यश राठौड़ (72 गेंदों में 66 रन) के रूप में अच्छा सहयोगी मिला। इन दोनों ने मिलकर 142 रन की साझेदारी की। पडिक्कल ने लेनोक्स की गेंद पर अपना दूसरा छक्का लॉन्ग-ऑन के ऊपर मारा और फिर तेज गेंदबाज फ्रेजर शीट की गेंद पर स्क्वायर लेग के ऊपर से एक और छक्का लगाया। जब पडिक्कल और राठौड़ आउट हुए तब भारत की बढ़त 165 थी, लेकिन वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 51) ने अंशुल कंबोज (23) के साथ 41 रन की साझेदारी की और फिर औकिब नबी (38) के साथ 69 रन और जोड़े।

खबर संक्षेप



गेंदबाजों ने डेथ ओवरों में बनाया दबाव : ब्रैसवेल


वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर माइकल ब्रैसवेल ने कहा कि भारतीय गेंदबाजों ने मौजूदा टी20 श्रृंखला के दौरान डेथ ओवरों में उनके बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा है, जो उनकी टीम का पहला दो मैच में हार का प्रमुख कारण रहा है। ब्रैसवेल ने कहा, 'मुझे लगता है कि उन्होंने हमें दबाव में रखा, खासकर गेंदबाजी करते हुए डेथ ओवरों में। इन दोनों मैच में काफी रन बने इसलिए उन्होंने एकतरफा जीत हासिल नहीं की। इस तरह के मैचों में महत्वपूर्ण अवसरों पर अच्छा प्रदर्शन करना जरूरी होता है। भारत ने ऐसा किया और उम्मीद है कि आगे हम ऐसा करने में सफल रहेंगे।' भारतीय गेंदबाजों ने पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के आखिरी दो ओवरों में 26 रन दिए और दूसरे मैच के आखिरी दो ओवरों में 23 रन देकर मेजबान टीम को नियंत्रण में रखा। लेकिन ब्रैसवेल का मानना है कि न्यूजीलैंड अपना संपूर्ण प्रदर्शन करने के लगभग करीब है।

शादाब खान ने 9 विकेट गिरने के बाद पलटा मैच



लाहौर। पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच वनडे मुकाबले में ऐसा रोमांच देखने को मिला, जिसने क्रिकेट प्रशंसकों को हैरान कर दिया। 242 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने 154 रन पर 9 विकेट गंवा दिए थे। इंग्लैंड की जीत लगभग तय मानी जा रही थी, लेकिन शादाब खान ने आखिरी विकेट के लिए हारिस रऊफ के साथ मिलकर मैच का रुख बदल दिया। शादाब 96 गेंदों में 113 रन बनाकर नाबाद लौटे और पाकिस्तान को एक विकेट से जीत दिला दी। शादाब की इस शानदार पारी में 13 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। दूसरी ओर, हारिस रऊफ ने दूसरे छोर पर टिककर उनका साथ दिया। दोनों के बीच हुई साझेदारी ने पाकिस्तान को मुश्किल परिस्थिति से निकालकर जीत तक पहुंचा दिया।

भारत के पास गेंदबाजों के लिए अचूक योजना : मोर्कल



वेलिंगटन। भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने कहा कि भारत के पास गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन के लिए 'अचूक' योजना है और वह न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले महीने होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए वैकल्पिक गेंदबाजों को भी रखने पर विचार कर रहा है, जिसमें बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह भी शामिल हैं। भारतीय टीम प्रबंधन ने अपने गेंदबाजों के लिए यह योजना तैयार की है ताकि उन्हें 5 टी20 अंतरराष्ट्रीय, 5 वनडे और 2 टेस्ट मैचों वाले इस दौरे के व्यस्त कार्यक्रम से निपटने में मदद मिल सके।

तीसरा टी-20 आज : न्यूजीलैंड के खिलाफ भुवनेश्वर और अर्शदीप पर निगाहें

सीरीज सील करने उतरेगी टीम इंडिया

नई दिल्ली/संचार जगत

बल्लेबाजों के दम पर पहले दो मैचों में जीत हासिल करने वाली भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ मंगलवार को होने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना विजय अभियान जारी रखकर अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी, जिसमें तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और अर्शदीप सिंह के प्रदर्शन पर निगाह टिकी रहेगी।

भारत 2020 से न्यूजीलैंड में अजेय

भारत 2020 से न्यूजीलैंड में अजेय रहा है। उसने विराट कोहली की अगुवाई में तब न्यूजीलैंड को 5-0 से हराया था। इसके बाद 2022-23 में अपने अगले दौरे में भारतीय टीम ने एकमात्र ऐसा मैच जीता, जो खराब मौसम से प्रभावित नहीं हुआ था, जबकि श्रृंखला का निर्णायक मैच टाई रहा था। अब श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम सुनिश्चित करना चाहेगी कि जसप्रीत बुमराह (जिन्हें आराम दिया गया है) और हार्दिक पंड्या (जो लंबे समय से चोट के कारण बाहर हैं) की अनुपस्थिति के बावजूद उनका अजेय रिकॉर्ड बरकरार रहे।



न्यूजीलैंड के शीर्ष बल्लेबाजों पर दबाव

न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों फिन एलन, टिम सीफर्ट और डैरिल मिचेल के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं। इन तीनों बल्लेबाजों ने अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं किया है और जैसे-जैसे श्रृंखला आगे बढ़ रही है उन पर भी दबाव बढ़ता जा रहा है। न्यूजीलैंड की तरफ से मध्य क्रम में ग्लेन फिलिप्स ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई है। उन्होंने पहले दोनों मैच में अर्धशतक बनाया। पिछले मैच में केवन जैकब्स ने भी अच्छी बल्लेबाजी की।

ईशान तीसरे टी20 से बाहर

भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने सोमवार को कहा कि चोटिल विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भी नहीं खेल पाएंगे। पांच मैच की श्रृंखला के पहले मैच के दौरान 28 वर्षीय किशन के दाहिने पांव की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। मोर्कल ने कहा कि वह एहतियात के तौर पर तीसरे मैच में भी नहीं खेल पाएंगे। मोर्कल ने कहा, 'ईशान की स्थिति अच्छी है और वह आज अभ्यास करेगा।

भारत की चुनौती आसान नहीं

क्राइस्टचर्च में खेले गए शुरुआती दो मैचों में बड़े लक्ष्य हासिल करने के बाद टीम निश्चित रूप से सही राह पर दिख रही है। भारत के लिए हालांकि चुनौती आसान नहीं है क्योंकि न्यूजीलैंड की टीम वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध होगी और इसके अलावा यहां की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना भी आसान नहीं होगा। भारतीय टीम को तीन तरफ से खुले बेसिन रिजर्व ग्राउंड पर अक्सर चलने वाली तेज हवाओं से निपटना होगा। क्या इस तरह की परिस्थितियों को देखते हुए अंतिम एकादश में कोई रणनीतिक बदलाव किया जाएगा, इस बारे में भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने कोई खुलासा नहीं किया, लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि चार साल बाद वापसी करने वाले भुवनेश्वर को बिना दबाव में आए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी लय हासिल करने की जरूरत है।

गौतम गंभीर की रणनीति कारगर

यह देखना दिलचस्प होगा कि अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी और संजू सैमसन हवा और ठंड के उतार-चढ़ाव से कैसे निपटते हैं। सूर्यवंशी के लिए इस तरह की परिस्थितियां निश्चित रूप से उन्हें एक बेहतर खिलाड़ी बनाने में बहुत मददगार साबित होंगी। मुख्य कोच गौतम गंभीर की तिलक वर्मा, नमन धीर और नीतीश कुमार रेड्डी को मध्य क्रम में इस्तेमाल करने की रणनीति पहले दो मैचों में कारगर साबित हुई है। लेकिन गेंदबाजी के मामले में भारत अभी अपनी कमियों को दूर नहीं कर पाया है।

फिशर-टिकनर न्यूजीलैंड टीम में शामिल

न्यूजीलैंड की तेज गेंदबाजों के लिए कार्यभार प्रबंधन योजना के तहत लॉकी फर्ग्यूसन और मैट हेनरी की अनुपस्थिति भारत के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। न्यूजीलैंड ने इन दोनों की जगह पर मैट फिशर और ब्लेयर टिकनर को टीम में शामिल किया है।

मैच का समय : भारतीय समयानुसार दोपहर 12:30

चोल शतरंज ओपन

32 ग्रैंडमास्टर लेंगे हिस्सा 30 अक्टूबर से टूर्नामेंट



नई दिल्ली/संचार जगत

भारत के सूर्य शेखर गांगुली, लियोन ल्यूक मेंडोंका और दिमित्रिस एलेक्साकिस सहित देश-विदेश के कई दिग्गज ग्रैंडमास्टर 30 अक्टूबर से शुरू होने वाले पहले चोल चेस ओपन इंटरनेशनल ग्रैंडमास्टर्स टूर्नामेंट में आकर्षण का केंद्र होंगे।

8 दिन तक चलने वाली यह प्रतियोगिता 7 नवंबर तक आयोजित की जाएगी। इसमें फिडे रेटिंग प्राप्त 80 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिनमें 32 ग्रैंडमास्टर शामिल हैं। इनमें 20 भारतीय और अन्य शतरंज महासंघों का प्रतिनिधित्व करने वाले 12 ग्रैंडमास्टर होंगे। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ियों की रेटिंग 2250 या उससे अधिक है जबकि इनमें से 75 खिलाड़ियों के पास फिडे खिताब हैं। लगभग 2400 ईएलओ की औसत रेटिंग के साथ यह टूर्नामेंट भारत में आयोजित होने वाली सबसे मजबूत ओपन शतरंज प्रतियोगिताओं में से एक बनने की उम्मीद है।



बैडमिंटन

आज से हाइलो ओपन, सिंधु और लक्ष्य पर भारतीय उम्मीदें



नई दिल्ली/संचार जगत

फ्रेंच ओपन में उपविजेता रहने के बाद पीवी सिंधु मंगलवार से शुरू होने वाले 5 लाख डॉलर इनामी हाइलो ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी तो उनकी नजरें अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखने पर होंगी। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु ने जुलाई में जापान ओपन का खिताब जीता था और इसके बाद पेरिस में फ्रेंच ओपन के फाइनल में जगह बनाई। हालांकि, खिताबी मुकाबले में उन्हें दक्षिण कोरिया की दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग के खिलाफ तीन गेम में हार का सामना करना पड़ा था। सिंधु महिला एकल के पहले दौर में तुर्किये की नेस्लिहान आरिन से भिड़ेंगी।

लक्ष्य का सामना जोकिम ओल्डोर्फ से

पुरुष एकल में लक्ष्य सेन का सामना फिनलैंड के जोकिम ओल्डोर्फ से होगा जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त आयुष शेट्टी की भिड़ंत चीनी ताइपे के सु ली यांग से होगी। एचएस प्रणय को पहले दौर में कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। उनका मुकाबला तीसरी वरीयता प्राप्त और मौजूदा विश्व चैंपियन फ्रांस के एलेक्स लेनियर से होगा। किरण जॉर्ज का सामना मलेशिया के चियाम जून वेई से होगा जबकि थारुन मान्नेपल्ली की भिड़ंत फ्रांस के छठी वरीयता प्राप्त टोमा जूनियर पोपोव से होगी।

मिडफील्डर मनप्रीत टूर्नामेंट से बाहर, सागर को मौका

आज से एशियन चैंपियंस ट्रॉफी

जालंधर। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026 से ठीक पहले भारतीय पुरुष हॉकी टीम को झटका लगा है। अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह ट्रेनिंग के दौरान पिंडली में चोट लगने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। उनके स्थान पर विवेक सागर प्रसाद को टीम में शामिल किया गया है। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026 की शुरुआत मंगलवार से होगी, जिसमें भारत अपने खिताब का बचाव करने की तैयारी कर रहा है। खिताब के लिए भारत के अलावा मलेशिया, जापान, चीन, साउथ कोरिया और बांग्लादेश की टीमें भी हिस्सा लेंगी।

भारत का पहला मैच बांग्लादेश से

भारत अपना पहला लीग मैच 27 अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा। इसके बाद भारत का मुकाबला चीन (29 अक्टूबर), जापान (30 अक्टूबर), मलेशिया (1 नवंबर) और साउथ कोरिया (2 नवंबर) से होगा। जालंधर में 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक चलने वाले लीग चरण के बाद, टूर्नामेंट मोहाली के 'ओलंपियन बलबीर सिंह सीनियर इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम' में शिफ्ट हो जाएगा। यहां 4 और 5 नवंबर को सेमीफाइनल और मेडल के लिए मुकाबले खेले जाएंगे। टूर्नामेंट के इस नौवें संस्करण में हिस्सा लेने वाली टीमों में से, भारत (जिसने रिकॉर्ड पांच बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीती है) के अलावा केवल साउथ कोरिया ने यह ट्रॉफी अपने नाम की है।

रणजी ट्रॉफी : गोल्डन डक पर आउट पोरेल, मुश्किल में बंगाल की टीम

नई दिल्ली/संचार जगत

मंगलपुरम स्थित केसीए क्रिकेट ग्राउंड पर रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी के मुकाबले में बंगाल की टीम मुश्किल में नजर आई।

केरल के खिलाफ बारिश से बाधित और चुनौतीपूर्ण पहले दिन बंगाल के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज अभिषेक पोरेल पहली ही गेंद पर बिना खाता खोले आउट (गोल्डन डक) हो गए। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी केरल की टीम ने शुरुआती नमी का पूरा फायदा उठाया और पोरेल के विकेट के साथ मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली।



आदित्य सरवटे ने बिगाड़ा खेल

बंगाल के लिए सलामी बल्लेबाज अंकुर पॉल ने 66 रनों की जुझारू पारी खेलकर टीम को संभाला था। लेकिन इसके बाद केरल के स्टार स्पिनर आदित्य सरवटे ने मैच का पासा पलट दिया। नंबर 6 पर बल्लेबाजी करने उतरे पोरेल से पारी संभालने की उम्मीद थी, लेकिन सरवटे ने अपनी पहली ही गेंद पर उन्हें चकमा देकर कैच आउट करा दिया। सरवटे की घातक फिरकी के सामने बंगाल का मिडिल ऑर्डर ताश के पत्तों की तरह बिखर गया और उन्होंने दिन का खेल खत्म होने तक 38 रन देकर 3 अहम विकेट झटके।


रोमांचक मुकाबले में बार्सिलोना को 2-1 से चटाई धूल

एमबाप्पे ने मैड्रिड के लिए पूरे किए 100 गोल

नई दिल्ली/संचार जगत

ला लीगा के मुकाबले में रियल मैड्रिड ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए एफसी बार्सिलोना को 2-1 से शिकस्त दी। मैड्रिड के जीत के नायक किलियन एमबाप्पे रहे, जिन्होंने इस मुकाबले में 2 गोल दागते हुए क्लब की ओर से अपने 100 गोल भी पूरे किए।

मैच की शुरुआत जूड बेलिंगहम के शानदार खेल से हुई। उन्होंने बेहतरीन तरीके से गेंद को घुमाते हुए अर्दा गुलेर को पास दिया, जिन्होंने आगे एडुआर्डो कामाविंगा के लिए मौका बनाया। इसके बाद किलियन एमबाप्पे ने चतुराई दिखाते हुए गेंद को पाउ कुबारसी के पास से निकाल दिया, जिससे मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी ने गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी।



पहले हाफ में रियल मैड्रिड का दबदबा

पहले हाफ में रियल मैड्रिड ने बार्सिलोना को ज्यादा मौके नहीं दिए और उसके हमलों को अच्छी तरह रोके रखा। मैड्रिड के 1-0 की बढ़त लेने से पहले अर्दा गुलेर को भी दो अच्छे मौके मिले थे। मैच के सिर्फ चार मिनट बाद उनका पहला शॉट गोल पोस्ट से कुछ सेंटीमीटर दूर निकल गया। 14 मिनट बाद उन्हें दूसरा मौका मिला, जिसे जोन गार्सिया ने बचा लिया। 41वें मिनट में मैड्रिड की टीम ने शानदार तालमेल दिखाते हुए गोल का सूखा खत्म किया। यान डायोमांडे ने एक बेहतरीन क्रॉस दिया। हालांकि, गेंद को क्लियर करने की कोशिश में जेरार्ड मार्टिन से टकराकर गेंद एमबाप्पे के पास चली गई, जिन्होंने अपनी दाएं पैर से उसे गोल में पहुंचा दिया।

मोरिन्हो की टीम ने किया 'एल क्लासिको' अपने नाम

88वें मिनट में जोस मोरिन्हो की टीम ने एक शानदार मूव के जरिए 'एल क्लासिको' अपने नाम कर लिया। इसकी शुरुआत जूड बेलिंगहम के बेहतरीन रूलेट मूव से हुई। उन्होंने गेंद अर्दा गुलेर को दी, जिन्होंने आगे एडुआर्डो कामाविंगा के लिए मौका बनाया। कामाविंगा ने पाउ कुबार्सी को चकमा देते हुए गेंद किलियन एमबाप्पे तक पहुंचाई। एमबाप्पे ने बिना गलती किए गेंद को गोल में डाल दिया और रियल मैड्रिड के लिए अपने 100 गोल पूरे कर लिए। इस गोल के बाद मैच के अंतिम क्षणों तक मैड्रिड ने अपनी बढ़त बनाए रखी। आखिरकार टीम ने कैंप नोउ में 2-1 की जीत दर्ज करते हुए पूरे तीन अंक हासिल किए।

प्रधानमंत्री मोदी के पिता को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष के दिए बयान पर जताई नाराजगी

खड़गे के खिलाफ भाजपा का देशभर में प्रदर्शन

नई दिल्ली/संचार जगत

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिवंगत पिता को लेकर दिए गए कथित अपमानजनक बयान पर राजनीतिक विवाद बढ़ गया है। सोमवार को बिहार की राजधानी पटना में बीजेपी की महानगर इकाई ने खड़गे के बयान के खिलाफ प्रदर्शन किया। बिहार बीजेपी अध्यक्ष संजय सरावगी ने कांग्रेस पर प्रधानमंत्री के दिवंगत माता-पिता के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि बीजेपी देशभर में सभी राज्यों के मुख्यालयों पर प्रदर्शन करेगी। लखनऊ में भी पीएम मोदी के पिता को लेकर खड़गे के बयान के विरोध में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान बीजेपी विधायक नीरज बोरा भी मौजूद रहे।

बीजेपी कार्यकर्ताओं ने खड़गे से माफी मांगने की मांग की। विधायक नीरज बोरा ने कहा कि प्रधानमंत्री के पिता को लेकर की गई टिप्पणी से कार्यकर्ताओं और नेताओं में नाराजगी है, इसलिए वे विरोध प्रदर्शन के लिए आगे आए हैं। यह विवाद पटना में बिहार के पहले मुख्यमंत्री डॉ. कृष्ण सिंह की 139वीं जयंती के कार्यक्रम के दौरान शुरू हुआ। कार्यक्रम में मौजूद एक व्यक्ति ने खड़गे को टोकते हुए कहा कि पीएम मोदी कहीं नहीं जाएंगे। इस पर कथित रूप से खड़गे ने अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया। कांग्रेस अध्यक्ष के बयान के बाद बीजेपी ने कांग्रेस अध्यक्ष पर निशाना साधा। बिहार बीजेपी अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के दिवंगत माता-पिता को लेकर बार-बार अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल कांग्रेस की सोच और हताशा को दिखाता है। उन्होंने कहा कि जनता ऐसी भाषा बर्दाश्त नहीं करेगी।



दिल्ली में खड़गे के घर के पास किया विरोध प्रदर्शन

पीएम मोदी के खिलाफ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के कथित अपमानजनक बयानों को लेकर दिल्ली भाजपा ने सोमवार को खड़गे आवास के पास विरोध प्रदर्शन किया। जब प्रदर्शनकारियों ने सेना भवन गोल चक्कर से राजाजी मार्ग पर स्थित खड़गे के आवास की ओर मार्च करने की कोशिश की तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया। दिल्ली भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कथित अपमान के विरोध में नारे लगाए और खड़गे तथा राहुल गांधी से माफी की मांग की। पटना में एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ खड़गे द्वारा की गई कथित टिप्पणी को लेकर भाजपा ने देशव्यापी विरोध-प्रदर्शन का आह्वान किया था।

समय आने पर जनता उचित जवाब देगी: नितिन नवीन

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि देश की जनता इस तरह की अशोभनीय राजनीति को करीब से देख रही है और समय आने पर इसका उचित जवाब देगी। नितिन नवीन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि पटना में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति जिस तरह की अशोभनीय और असंसदीय भाषा का इस्तेमाल किया, वह कांग्रेस पार्टी के वैचारिक दिवालियापन को दर्शाता है।

कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने किया खड़गे का बचाव

सहारनपुर से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने खड़गे के बयान का बचाव किया। उन्होंने कहा कि बीजेपी के बड़े नेता भी राहुल गांधी, सोनिया गांधी और इंदिरा गांधी को लेकर बयान देते रहे हैं, लेकिन उनके खिलाफ जवाबदेही तय नहीं होती। कांग्रेस अब ऐसे बयानों पर चुप नहीं रहेगी। उन्होंने खड़गे के जवाब को सही ठहराते हुए कहा कि बीजेपी नेताओं को भी उसी भाषा में जवाब दिया जाना चाहिए, जिस भाषा का इस्तेमाल वे कांग्रेस नेताओं के खिलाफ करते हैं।

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में नए जजों के लिए मिली 7 नामों को मंजूरी

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने की 9 नए जजों की नियुक्ति की सिफारिश

नई दिल्ली/संचार जगत

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने चार हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस की नियुक्ति की सिफारिश की है। इसके साथ ही बॉम्बे हाईकोर्ट और मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में कुल नौ नए जजों की नियुक्ति के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई है।

सोमवार 26 अक्टूबर 2026 को हुई कॉलेजियम की बैठक में ये फैसले लिए गए। सुप्रीम कोर्ट की ओर से जारी तीन अलग-अलग बयानों के अनुसार, गुजरात, दिल्ली, तेलंगाना और उत्तराखंड हाईकोर्ट में नए चीफ जस्टिस की नियुक्ति की सिफारिश की गई है। वहीं, बॉम्बे हाईकोर्ट के लिए दो और मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के लिए सात नामों को मंजूरी दी गई है।



इंदौर से दो अधिवक्ताओं के नाम भी शामिल

सात अधिवक्ताओं को जज नियुक्त करने का प्रस्ताव

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में सात अधिवक्ताओं को जज नियुक्त करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। अनुमोदित नामों में इंदौर के अधिवक्ता डॉ. विवेक शरण और श्रीमती भक्ति व्यास भी शामिल हैं। इनके अलावा राजेश कुमार शुक्ला, कनक गहरवार उर्फ कनक लता सिंह, श्रेयस पंडित, मृणाल एल्कर उर्फ मृणाल मजूमदार और अविनाश जरगर के नामों को भी मंजूरी दी गई है। कॉलेजियम ने ये सभी फैसले सोमवार को हुई बैठक में लिए हैं।

चार हाईकोर्ट को मिलेंगे नए चीफ जस्टिस

कॉलेजियम ने गुजरात हाईकोर्ट के जज जस्टिस मानश रंजन पाठक को उसी हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त करने की सिफारिश की है। उनका मूल हाईकोर्ट गुवाहाटी है। तेलंगाना हाईकोर्ट में कार्यरत जस्टिस पी. सैम कोशी को दिल्ली हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस बनाने की सिफारिश की गई है। उनका मूल हाईकोर्ट छत्तीसगढ़ है। कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस तपब्रत चक्रवर्ती को तेलंगाना हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त करने की सिफारिश की गई है। इसी तरह पटना हाईकोर्ट के जस्टिस सुधीर सिंह को उत्तराखंड हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस बनाने की सिफारिश की गई है।

बॉम्बे हाईकोर्ट में दो नए जजों की नियुक्ति के प्रस्ताव को मंजूरी

कॉलेजियम ने बॉम्बे हाईकोर्ट में दो व्यक्तियों को जज नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इनमें मुंबई स्थित सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण के न्यायिक सदस्य अजय शर्मा और अधिवक्ता वैभव अनंत सुगदरे शामिल हैं। कॉलेजियम की मंजूरी के बाद अब इन नामों पर नियुक्ति की अगली प्रक्रिया केंद्र सरकार के स्तर पर आगे बढ़ेगी। इसके बाद राष्ट्रपति की स्वीकृति और नियुक्ति संबंधी अधिसूचना जारी होने पर न्यायाधीशों की नियुक्ति पूरी होगी।

ब्राजील में लूला डिसिल्वा चौथी बार राष्ट्रपति बने

प्रधानमंत्री मोदी ने दी चुनाव में जीत की बधाई



ब्राजील में लूला की ऐतिहासिक जीत, समर्थकों में जश्न का माहौल

नई दिल्ली/संचार जगत

ब्राज़ील में राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद लूला डी सिल्वा के समर्थकों में जश्न का माहौल है.। लगातार चौथी बार चुनाव जीतकर लूला डि सिल्वा ने इतिहास रच दिया। लूला को 51.76 फीसदी वोट मिले...जबकि फ्लावियो बोल्सोनारो ने 48.24 फीसदी वोट हासिल किए। लेकिन फ्लावियो बोल्सोनारो को हार स्वीकार नहीं है और उन्होंने चुनाव रद्द करने की मांग की है।

भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को मजबूत होगी: पीएम नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को ब्राजील के राष्ट्रपति एवं वामपंथी नेता लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा को दोबारा राष्ट्रपति चुने जाने पर बधाई दी। मोदी ने भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने, विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने और ग्लोबल साउथ (वैश्विक दक्षिण) की साझा प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने की इच्छा जतायी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर जारी एक संदेश में लूला को अपना प्रिय मित्र संबोधित करते हुए उनकी इस शानदार चुनावी जीत पर हार्दिक बधाई दी। मोदी ने भारत-ब्राजील के बीच संबंधों को प्रगाढ़ करने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि मैं बहुआयामी भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को और अधिक गहरा तथा व्यापक बनाने के लिए उनके साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हूं।

हम मिलकर विभिन्न क्षेत्रों में अपने सहयोग को मजबूत करना जारी रखेंगे, वैश्विक दक्षिण की साझी प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाएंगे और एक अधिक समावेशी विश्व के निर्माण के लिए काम करेंगे। भारत-ब्राजील के बीच व्यापार एवं निवेश, ऊर्जा, कृषि, रक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, डिजिटल सहयोग, स्वास्थ्य सेवा और जलवायु परिवर्तन जैसे विविध क्षेत्रों में व्यापक रणनीतिक साझेदारी है।

चीन बना रहा स्टारलिंक से भी बड़ा सैटेलाइट इंटरनेट नेटवर्क

चीन दो नेटवर्क्स के जरिये उपग्रहों को अंतरिक्ष में पहुंचा रहा

नई दिल्ली/संचार जगत

चीन ने 15 दिनों में दो स्पेस लॉन्च किए हैं और सैटेलाइट इंटरनेट का बड़ा बेड़ा तैयार करने के लिए उपग्रहों को कक्षा में पहुंचाया है। जानकारी के अनुसार, सैटेलाइट इंटरनेट के क्षेत्र में चीन अपने दम पर आगे बढ़ रहा है। वह स्टारलिंक से भी बड़ा नेटवर्क बनाने में जुटा है।

स्टारलिंक दुनिया की सबसे बड़ी सैटेलाइट इंटरनेट कंपनी है, जिसके पास 11 हजार से अधिक सैटेलाइट्स हैं। चीन की योजना अंतरिक्ष में 28 हजार सैटेलाइट्स लॉन्च करने की है। इनसे मिलने वाले इंटरनेट का उपयोग आम लोगों के साथ-साथ सैन्य कामकाजों के लिए भी किया जाएगा। ऑर्बिटल रडार की रिपोर्ट के अनुसार, चीन अपने दो नेटवर्क्स के माध्यम से उपग्रहों को अंतरिक्ष में पहुंचा रहा है। इन नेटवर्क्स के नाम



हैं- गुओवांग और कियानफान। गुओवांग को चीन सैटेलाइट नेटवर्क ग्रुप चलाता है। यह चीन की सरकारी कंपनी है और अभी तक 222 उपग्रहों को अंतरिक्ष में भेज चुकी है। कियानफान को शंघाई स्पेससेल टेक्नोलॉजी चलाती है। इसके 248 उपग्रहों को अंतरिक्ष में पहुंचाया जा चुका है। रिपोर्ट कहती है कि चीन का मकसद अपना खुद का सैटेलाइट इंटरनेट इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करना है। चीन, ब्रॉडबैंड कवरेज और अंतरिक्ष में सैटेलाइट इंटरनेट लॉन्च करने में स्टारलिंक को टक्कर देना चाहता है।

800 किमी ऊंचाई, 300 एमबीपीएस तक स्पीड

चीन का सैटेलाइट नेटवर्क अंतरिक्ष में 800 से 1200 किलोमीटर की ऊंचाई पर तैयार किया जा रहा है। याद रहे कि स्टारलिंक का सैटेलाइट नेटवर्क साढ़े 500 किलोमीटर से कम की ऊंचाई पर है। जब चीन का सैटेलाइट नेटवर्क तैयार हो जाएगा तो धरती पर मैक्सिमम 300 एमबीपीएस की स्पीड से इंटरनेट चलाया जा सकेगा। इसकी लेटेंसी 40 से 80 मिलीसेकंड होगी, यानी काफी फास्ट इंटरनेट चलेगा।

भारत में अभी भी स्टारलिंक का इंतजार: एक ओर चीन अपनी जरूरतों को स्वदेशी के साथ पूरा कर रहा है, वहीं भारत में स्टारलिंक का इंतजार है। बीते दिनों स्टारलिंक और जियों के बीच काफी बहस देखने को मिली थी, जब एलन मस्क ने कहा कि कुछ कंपनियों के कारण स्टारलिंक को भारत में सेवाएं शुरू करने नहीं दिया जा रहा है।

सिग्नल सिस्टम खराब, 10 घंटे ठप रही मुंबई लोकल

मुंबई, आरएनएन। मुंबई में सोमवार को रेलवे ट्रैक पर तीन लोगों के शव मिले। दरअसल मुंबई में सोमवार को कई लोकल ट्रेनें 10 घंटे तक तक फंसी रहीं और यात्रियों को ट्रैक पर चलना पड़ा। मुंबई के ट्रांसपोर्ट सिस्टम में यह दिक्कत सुबह 10.00 बजे कांजुरमार्ग स्टेशन के पास लगी आग की वजह से हुई। इसके बाद विखरोली-ठाणे लाइन पर सिग्नलिंग सिस्टम खराब हो गया। अधिकारियों के अनुसार, मृतक पटरियां पार कर रहा था, तभी वह ट्रेन की चपेट में आ गया। सिग्नलिंग सिस्टम फेल होने के कारण मेन लाइन पर लोकल ट्रेन सेवाएं कई घंटों तक पूरी तरह ठप रहीं, जिससे हजारों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

ट्रैक पर मिले तीन लोगों के शव

मुंबई में रेलवे ट्रैक पर तीन लोगों के शव मिले, क्योंकि कई लोकल ट्रेनें घंटों तक बाधित रहीं और यात्रियों को ट्रैक पर पैदल चलना पड़ा। आशंका जताई जा रही कि ये तीनों लोग ट्रेन से कट गए होंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक घाटकोपर-विक्रोली सेक्शन पर दो लोग मृत मिले, दोनों को राजावाड़ी हॉस्पिटल भेजा गया है। भांडुप में भी ट्रेन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

इथियोपिया की ईसाई चर्चों में खूनी हमला, 51 की मौत

नई दिल्ली/संचार जगत

इथियोपिया के ओरोमिया राज्य में ऑर्थोडॉक्स ईसाई चर्चों और आसपास के गांवों पर हमले किए गए है। इन हमलों में 50 से ज्यादा लोगों की जान चली गई। दो स्थानीय निवासियों और एक पादरी के हवाले से न्यूज एजेंसी ने यह जानकारी दी है।

ओरोमिया इथियोपिया का सबसे बड़ा राज्य है। यहां लंबे समय से विद्रोह, सशस्त्र संघर्ष और जातीय तनाव की स्थिति बनी हुई है। हथियारबंद समूह अक्सर धर्म का इस्तेमाल कर समुदायों के बीच फूट डालने और लोगों को अपने साथ जोड़ने की कोशिश करते रहे हैं। न्यूज एजेंसी ने स्थानीय लोगों के हवाले से बताया कि इस घटना में कुल 44 लोगों की मौत हुई है। एक अन्य निवासी ने मरने वालों की संख्या 51 बताई। दोनों ने हमले की पुष्टि की, लेकिन आंकड़ों में थोड़ा अंतर रहा। मीडिया, स्वतंत्र पत्रकारों पर इथियोपिया में भारी पाबंदियां होने के कारण इन दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है।

सरकारी इथियोपिया ह्यूमन राइट्स कमीशन ने इस मामले पर ज्यादा कुछ नहीं कहा। उसने केवल इतना कहा कि वह हालात पर नजर रख रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, इलाके में धार्मिक तनाव बहुत ज्यादा है। अगर इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो यह बड़ा संकट बन सकता है। स्थानीय लोगों के अनुसार इलाके के दो चर्चों पर हमला हुआ।

देश की हर कोर्ट में बनेंगे महिला वकीलों के लिए अलग टॉयलेट और बार रूम

नई दिल्ली, आरएनएन । देश भर की अदालतों में महिला वकीलों के लिए बुनियादी सुविधाओं की कमी पर संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बेहद कड़ा रुख अपनाया है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) ने सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और सभी हाई कोर्ट्स को सख्त आदेश दिया है कि देश की हर एक अदालत (जिला, सब-डिविजनल और तालुका कोर्ट) में महिलाओं के लिए अलग और सुरक्षित बार रूम और टॉयलेट बनाए जाएं। सीजेआई ने साफ शब्दों में कहा, महिलाओं के लिए

सुप्रीम कोर्ट बोला- यह बुनियादी हक है, बहाना नहीं चलेगा

बुनियादी ढांचा और सुविधाएं न होने का कोई भी बहाना या औचित्य स्वीकार नहीं किया जा सकता। बार के सभी सदस्यों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्यों और हाई कोर्ट्स की नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी है।

सुप्रीम कोर्ट में सामने आए चौंकाने वाले आंकड़े : सुनवाई के दौरान एमिकस ने कोर्ट को बताया कि राज्यों द्वारा दाखिल किए गए 16-17 हलफनामों में यह बात सामने आई है कि महिला वकीलों के लिए अदालतों में टॉयलेट जैसी बुनियादी सुविधाएं नाममात्र की हैं या हैं ही नहीं। हरियाणा ने अभी तक इस संबंध में कोई निरीक्षण तक नहीं किया है। पंजाब के 67 जिला अदालत परिसरों में से केवल 9 अदालतों में महिला वकीलों के लिए वॉशरूम उपलब्ध हैं। काउंसलिंग के दौरान एडवोकेट मनिका ने ध्यान दिलाया कि कोलकाता जैसी जगह की अदालतों में भी महिला वकीलों के लिए टॉयलेट उपलब्ध नहीं हैं।

मंत्री ने निरीक्षण करने के बाद की घोषणा

मरम्मत पूरी होने पर हल्के वाहनों के लिए खोल दिया गया पुराना आरटीआर फ्लाईओवर: प्रवेश

नई दिल्ली/संचार जगत

शहर को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे से जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग, पुराना राव तुला राम (आरटीआर) फ्लाईओवर, सोमवार शाम से हल्के वाहनों के लिए फिर से खोल दिया गया है। दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश वर्मा ने सोमवार को पूरे हुए मरम्मत कार्य का स्वयं निरीक्षण करने के बाद यह घोषणा की। उन्होंने बताया कि वर्ष 2009 में बनकर तैयार हुआ पुराना



आरटीआर फ्लाईओवर पिछले 17 वर्षों से अधिक समय से दक्षिण दिल्ली से हवाई अड्डे की ओर जाने वाले यातायात के लिए एक अहम कड़ी रहा है। मंत्री प्रवेश ने बताया कि वसंत विहार से आईजीआई हवाई अड्डे की ओर जाने वाला फ्लाईओवर का कैरिजवे 20 अक्टूबर को बंद कर दिया गया था, जब दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने सड़क की सतह पर दो स्थानों पर दरारें देखीं। इसके बाद हुए निरीक्षण में गैप स्लैब वाले हिस्से में कंक्रीट के क्षरण, सड़क पर स्पष्ट दरारें और लोहे की सरिया खुली होने की बात सामने आई। यात्रियों की सुरक्षा के लिए एहतियात के तौर पर इस हिस्से पर यातायात तुरंत रोक दिया गया। पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश ने यात्रियों से अपील की है कि वे यातायात सलाह का पालन करें, हल्के वाहनों से जुड़े प्रतिबंध का ध्यान रखें और सुचारु आवागमन के लिए क्षेत्र में तैनात दिल्ली ट्रैफिक पुलिस कर्मियों का सहयोग करें। विभाग फ्लाईओवर की लगातार निगरानी करता रहेगा और संरचनात्मक ऑडिट पूरा होने के बाद आगे की जानकारी साझा की जाएगी।

एयरपोर्ट जाने वाले यात्रियों को राहत

मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बताया कि पुराना आरटीआर फ्लाईओवर दक्षिण दिल्ली के सबसे व्यस्त कॉरिडोर में से एक है, जिस पर से प्रतिदिन हजारों वाहन वसंत विहार और आसपास के इलाकों से हवाई अड्डे और आगे की ओर जाते हैं। फ्लाईओवर बंद रहने के दौरान यातायात को पास की सर्विस रोड पर मोड़ दिया गया था, जिससे फ्लाईओवर के प्रवेश मार्ग पर, खासकर व्यस्त समय में, भारी जाम और लंबी कतारें लग रही थीं। फ्लाईओवर के दोबारा खुलने से रोजाना आने-जाने वालों, हवाई यात्रियों, टैक्सी संचालकों और आसपास की कॉलोनियों के निवासियों को तुरंत राहत मिलने की उम्मीद है, जिन्हें पिछले एक सप्ताह से यात्रा में अधिक समय लग रहा था।

सक्षम इंद्रप्रस्थ ने किया प्रांत अधिवेशन का आयोजन



नई दिल्ली/संचार जगत

सक्षम इंद्रप्रस्थ और समान अवसर प्रकोष्ठ, श्यामाप्रसाद मुखर्जी कॉलेज के संयुक्त तत्त्वावधान में महाविद्यालय सभागार में सक्षम इंद्रप्रस्थ के प्रांत अधिवेशन का भव्य आयोजन हुआ।

अधिवेशन के उद्घाटन सत्र के अध्यक्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संचालक डॉ. अनिल अग्रवाल ने सक्षम द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की। मुख्य अतिथि दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने दिल्ली में कौशल विकास बोर्ड स्थापित करते हुए दिव्यांगों के रोजगार एवं समावेशन का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक करनैल सिंह ने दिव्यांग कौशल परियोजनाओं के प्रति संकल्पबद्धता दिखाते हुए दिल्ली में दिव्यांगों के लिए पांच सौ से अधिक दुकानें आबंटित करने का विश्वास दिलाया। प्रांत अधिवेशन में सक्षम के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर दयाल सिंह पंवार, राष्ट्रीय सह सचिव अभय परगाल, श्यामाप्रसाद मुखर्जी कॉलेज की प्राचार्य प्रो. नीलम गोयल का सानिध्य प्राप्त हुआ।

स्वामित्व, प्रकाशक एवं संपादक : अवंतिका राठौड़ - पी.के. प्रिंटर्स एंड स्टेशनर्स, 31, राम मंदिर के पास, पटेल नगर, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यालय : जे-17, रमेश मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर। संपर्क : 0141 463 7668
ई-मेल : sancharjagat@gmail.com| आरएनआई नं. : RAJHIN/2014/55262 समाचार चयन के लिए पीआरबी अधिनियम के तहत जिम्मेदार। न्यायाधिकार क्षेत्र : जयपुर महानगर।